www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 350, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 29 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## राम भक्तों पर गोली चलाने वाले अब अयोध्या की बात कर रहे

### पैसे के डायवर्जन पर सीएम योगी का बड़ा बयान




**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हाथरस के सलेमपुर इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे। अपने इस दौरे पर सीएम योगी ने हाथरस की जनता को 548 करोड़ रुपये की लागत वाली 143 विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। उन्होंने वहां लोकल प्रोडक्ट्स के स्टॉल्स का मुआयना किया, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक बांटे और साथ ही छोटे बच्चों को अपने हाथों से खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन भी कराया।

**● अयोध्या की चिंता छोड़ें, अखिलेश को योगी की सलाह**

प्रोग्राम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव के एक बयान पर जमकर चुटकी ली। योगी ने कहा, "अखिलेश यादव कह रहे हैं कि उनकी सरकार आएगी तो वे अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाएंगे। अरे, आप क्या बनाएंगे! अपना इतिहास तो देखिए, राम भक्तों पर गोली आप ही के लोगों और आपकी सरकार ने चलाई थी।" उन्होंने आगे कहा कि आज जब पीएम मोदी के नेतृत्व में अयोध्या त्रेता युग जैसी चमक रही है, तो विपक्ष के मुंह में भी पानी आने लगा है।

सीएम योगी ने सपा सरकार के पुराने दिनों की याद दिलाते हुए कहा कि उनके समय में थानों और जेलों में कृष्ण जन्माष्टमी मनाने पर रोक थी और कांवड़ यात्रा पर भी बैन लगा दिया गया था। उन्होंने कहा, "आज हाथरस में 22 से ज्यादा मंदिरों का सुंदरीकरण हुआ है। क्या यह सपा के राज में मुमकिन था? बिल्कुल नहीं, क्योंकि उनके समय में विकास का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल के लिए जाता था। हमारी सरकार ने वही पैसा मंदिरों की तरफ डायवर्ट किया है, क्योंकि कब्रिस्तान की नहीं, आस्था के केंद्र मंदिरों की जरूरत है।"

योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि अयोध्या को राम भक्तों ने पहले ही पूरी तरह सजा और संवार दिया है। अब वे उसकी चिंता छोड़ें, अपने पुराने किए पर पश्चाताप करें और एक बार जाकर रामलला के दर्शन कर लें ताकि उन्हें थोड़ी सद्बुद्धि आए। सीएम ने चैलेंज देते हुए कहा, "अगर आप सचमुच खुद को धार्मिक दिखाना चाहते हैं, तो अब मथुरा-वृंदावन और श्री कृष्ण जन्मभूमि पर खुलकर बोलिए। कहिए कि राम जन्मभूमि आंदोलन की तरह कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए।"

## एक ही दिन में दो बड़े एयर क्रैश, फ्रांस और सऊदी अरब में 25 लोगों ने गंवाई जान



**फ्रांस**

**फ्रांस** के नैंसी शहर के पास स्थित टॉम्बलेन इलाके से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। रविवार को स्काईडाइवर्स को लेकर जा रहा एक सिविलियन प्लेन अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह हादसा लोकल टाइम के अनुसार सुबह करीब 11 बजे हुआ। इस दर्दनाक एक्सीडेंट में प्लेन में सवार सभी 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि जान गंवाने वालों में पायलट के अलावा 10 पैसेंजर्स शामिल थे, जिनमें 5 ट्रेनी स्काईडाइवर और 5 उनके ट्रेनर थे।

**ब्लास्ट के खतरे से खाली कराया गया इलाका, जांच जारी**

हादसे की खबर मिलते ही रेस्क्यू और राहत टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और पूरे एरिया को सील कर दिया गया। फ्रांसीसी अखबार के अनुसार, प्लेन स्काईडाइविंग ग्रुप को लेकर जैसे ही उड़ान पर निकला, तभी यह हादसा हो गया। वहीं, न्यूज चैनल ने अपनी शुरूआती रिपोर्ट में बताया कि क्रैश के बाद प्लेन में तगड़े विस्फोट का खतरा बना हुआ था। इसी वजह से पुलिस ने साल्वाडोर अलेंदे स्ट्रीट के आस-पास के इलाके को तुरंत खाली करवा दिया और आम लोगों को दूर रहने की हिदायत दी।

खुद फ्रांस के गृह मंत्री भी सिचुएशन का जायजा लेने स्पॉट पर पहुंचे। फिलहाल, प्लेन क्रैश होने की असली वजह सामने नहीं आई है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

### सेशेल्स की रक्षा और सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हुई-प्रधानमंत्री मोदी

## भारत और सेशेल्स के बीच हुए 19 समझौते

**सेशेल्स**

**सेशेल्स** दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (28 जून 2026) को वहां के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की अहम बैठक की. इस दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स दोनों मानते हैं कि हिंद महासागर उनका साझा घर है. इसकी सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का विजन हिंद महासागर को अवसरों का महासागर बनाना है. उनका कहना था कि यह ऐसा क्षेत्र होना चाहिए जहां समुद्री सुरक्षा के साथ आर्थिक विकास भी सुनिश्चित हो. उन्होंने जोर देकर कहा कि साझेदारी का आधार किसी देश का आकार नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और भरोसा होना चाहिए. यही भारत के महासागर विजन की असली सोच है

प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि भारत और सेशेल्स की रक्षा और सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हुई है. उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने आर्थिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की. साथ ही आने वाले समय में उद्योगों के बीच नए अवसर तलाशने और कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी सहमति बनी. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अपने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का सफल अनुभव सेशेल्स के साथ साझा करेगा. राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने भी कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा भारत और सेशेल्स के रिश्तों का बहुत अहम हिस्सा है. दोनों देशों ने समुद्री डकैती, ड्रग तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और सीमा पार अपराधों के खिलाफ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई.




### डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए बड़ा काम

**डिजिटल** पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए नेशनल पेमेंट कॉपरेशन ऑफ इंडिया, इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और सेंट्रल बैंक ऑफ सेशेल्स के बीच समझौता हुआ. इसके जरिए सेशेल्स में वढक आधारित भुगतान को बढ़ावा मिलेगा. स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाया गया. लृछछ लाइफ केयर और सेशेल्स के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच जन औषधि योजना के तहत भारतीय दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समझौता हुआ. प्रधानमंत्री मोदी तीन दिन के दौरे पर सेशेल्स पहुंचे हैं. यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब सेशेल्स अपनी आजादी के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है. साथ ही भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों की भी 50वीं वर्षगांठ है. प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस बैठक के दौरान भारत और सेशेल्स के बीच रक्षा, डिजिटल पेमेंट, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा जैसे कई क्षेत्रों में कुल 19 समझौते और नई पहलें घोषित की गईं.

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन समझौतों में प्रत्यर्पण संधि, अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग, वढक आधारित डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू करना, एक्ट बैंक की लाइन ऑफ क्रेडिट और नए राष्ट्रीय अस्पताल की तैयारी से जुड़े समझौते शामिल हैं. भारत ने सेशेल्स को एक फास्ट पेट्रोल वेसल उपहार में देने की घोषणा की. इसके साथ 10 यूटिलिटी वाहन और 5 लेजर रेडियल क्लास बोट्स भी सौंपे जाएंगे. इसके अलावा सेशेल्स कोस्ट गार्ड के पीएस जोरोस्टर जहाज की मरम्मत पूरी होने और डोर्नियर विमान के अपग्रेडेशन की जानकारी भी साझा की गई.

**भारत ने सेशेल्स को कई चीज देने का किया ऐलान**

भारत ने सेशेल्स को 6 एंबुलेंस, 500 मीट्रिक टन चावल और 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट देने की भी घोषणा की. यह मदद दोनों देशों के मजबूत रिश्तों को और गहरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने के मौके पर एक स्मारक लोगो भी लॉन्च किया गया. यह दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भरोसे और दोस्ती का प्रतीक है।

### मौसम विभाग की चेतावनी- अभी और सताएगी उमस

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में इस समर सीजन के सबसे भारी और परेशान करने वाले दिनों में से एक रहा। आसमान से बरसती आग और खतरनाक उमस के कॉम्बिनेशन की वजह से दिल्ली का हीट इंडेक्स यानी रियल फील तापमान (जो असल में महसूस होता है) रिकॉर्ड 51.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। नॉर्मल से कहीं ज्यादा तापमान के चलते लोगों का घरों से बाहर निकलना और खुले में सांस लेना भी बेहद मुश्किल हो गया।

## कातिल मंगेतर को लेकर लोहागढ़ किले पहुंची पुलिस, सीन रीक्रिएट कर समझी मर्डर की पूरी टाइमलाइन

**पुणे**

**पुणे** के 25 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में पुणे रूरल पुलिस ने रविवार को मर्डर सीन रीक्रिएट किया। इसके लिए पुलिस सिया गोयल और उसके कथित लवर चेतन चौधरी को लोहागढ़ किले की उसी पहाड़ी पर ले गई, जहां से उन्होंने केतन को धकेलकर मौत के घाट उतारा था। घटना के करीब 10 दिन बाद पुलिस दोनों आरोपियों को ठीक उसी जगह पर लेकर गई, ताकि 18 जून को हुए इस खौफनाक मर्डर के पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को एक साथ जोड़ा जा सके।



**पुलिस कमिश्नर ने कहा, स्पॉट पर जाकर समझी पूरी टाइमलाइन**

पुणे रूरल पुलिस के सुपरिटेंडेंट संदीप सिंह गिल ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि आरोपियों को लोहागढ़ किले के उसी सटीक पॉइंट पर ले जाया गया था जहां से केतन को नीचे गिराया गया था। पुलिस वहां पूरा सीन रीक्रिएट कर रही है कि उन्होंने कौन सा रास्ता लिया, दोनों आरोपी कहां पर खड़े थे, उन्होंने केतन को कैसे घेरा और पूरी वारदात को किस तरह अंजाम दिया। आरोपियों ने पुलिस के सामने इस घटना से जुड़े कई अहम खुलासे भी किए हैं।

### काठमांडू में फंसे 52 भारतीय श्रद्धालु

**कैलाश**

**प्राइवेट** टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा का प्लान बना रहे भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए विदेश मंत्रालय ने एक बेहद जरूरी एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने श्रद्धालुओं को साफ तौर पर सलाह दी है कि वे वैध चीनी वीजा और जरूरी एंट्री परमिट जैसे सभी अनिवार्य डाक्यूमेंट्स के बिना मानसरोवर की यात्रा पर बिल्कुल न निकलें।

**क्यों जारी करनी पड़ी एडवाइजरी?**

दरअसल, विदेश मंत्रालय को यह कदम उन खबरों के सामने आने के बाद उठाना पड़ा है, जिनमें पता चला है ।

## जो फैसला आएगा, सिर झुकाकर मानेंगे

**पंजाब**

**मुख्यमंत्री** भगवंत मान ने अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा ऐलान किया है। सीएम मान ने कहा है कि 29 जून को पंजाब सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के सभी विधायक अमृतसर स्थित सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था 'श्री अकाल तख्त साहिब' के सामने पेश होंगे। दरअसल, श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से 'आप' के मंत्रियों और विधायकों को कुछ वैचारिक मुद्दों पर अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया गया था (बुलाया गया था), जिसके बाद पार्टी ने यह कलेक्टिव डिसीजन लिया है।



सीएम मान ने कहा, अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता सबसे महान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ किया कि आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता का दिल से आदर करती है। उन्होंने कहा, "श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से हमारे विधायकों और मंत्रियों को कुछ विचारों के लिए, अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। हमारे सभी विधायक और मंत्री तय समय पर वहां जाएंगे। हम अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को सबसे महान मानते हैं।"

सीएम ने अपनी एक पुरानी बात याद दिलाते हुए कहा कि उन्हें भी जब पहले बुलाया गया था, तो वे राष्ट्रपति जी का प्रोग्राम बीच में छोड़कर अकाल तख्त साहिब पर नतमस्तक होने पहुंचे थे। मान ने आगे कहा कि जो भी निर्देश या फैसला अकाल तख्त साहिब की तरफ से आएगा।

### महाराष्ट्र टीईटी घोटाला: मास्टरमाइंड पर कटाक्ष

## चार को कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेजा

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** शिक्षक पात्रता परीक्षा का पेपर लीक करने वाले आरोपियों को रविवार को भिवंडी कोर्ट में पेश किया गया। सरकारी वकील एडवोकेट मारिया अंसारी ने बताया कि कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को 6 तारीख तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। तब तक पुलिस की जांच टीम को अपनी पूछताछ पूरी करनी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस स्कैम का जो मुख्य आरोपी है, वह महाराष्ट्र का ही रहने वाला है और उसे भी जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके अलावा, एक आरोपी की तबीयत खराब होने की वजह से उसे मेडिकल ट्रीटमेंट भी दिया गया है।



**पुलिस का मास्टरस्ट्रोक**

आरोपियों के वकील एडवोकेट शैलेश मधुकर गायकवाड़ ने बताया कि यह पूरा केस कोंगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। इस एग्जाम में करीब 10 लाख स्टूडेंट्स बैठने वाले थे, जिससे समझा जा सकता है कि यह मामला कितना बड़ा और संवेदनशील है। पुलिस को पहले ही एक सीक्रेट टिप मिल गई थी कि तीन लोग परीक्षा के पेपर बेचने की फिराक में हैं। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक जाल बिछाया और आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया। कोर्ट में अभियोजन पक्ष ने 10 दिन की कस्टडी मांगी थी।

## हर अधिकारी खुद को संघ का स्वयंसेवक बता रहा... कैलाश विजयवर्गीय के बयान से सियासी घमासान

**भोपाल। मध्य** प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के एक बयान ने प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद कई अधिकारी और कर्मचारी खुद को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा हुआ बताने लगे हैं। उनके इस बयान के सामने आने के बाद विपक्ष ने सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

**कार्यक्रम में साझा किया अनुभव**

भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जब भी कोई अधिकारी या कर्मचारी उनसे मिलने आता है, वह किसी न किसी रूप में अपने या अपने परिवार के आरएसएस से जुड़े होने की बात जरूर करता है। उन्होंने कहा कि कोई अधिकारी बताता है कि वह बचपन में शाखा में जाता था, कोई कहता है कि उसने शाखा में पट्टी और बेल्ट बांधी थी, जबकि कुछ लोग अपने पिता या परिवार के अन्य सदस्यों के संघ से जुड़े होने का उल्लेख करते हैं।

मंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो सरकार बनने के बाद हर अधिकारी और कर्मचारी स्वयं को संघ का स्वयंसेवक साबित करने में जुट गया हो।

## राम मंदिर चढ़ावा मामला: पुलिस ने टिन्नू यादव के घर से आभूषण और दस्तावेज बरामद किए गए

**अयोध्या। राम** मंदिर में चढ़ावे और दान की कथित हेराफेरी के मामले में गिरफ्तार आठों आरोपियों के घरों पर रविवार को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए।

शुक्रवार को आठों आरोपियों को तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वे 29 जून तक जेल में रहेंगे और सोमवार को उन्हें दोबारा स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंदिर प्रबंधन से जुड़े आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से कुछ नकदी और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पुलिस रविवार शाम तक सभी आरोपियों के घरों से बरामद सामान का आकलन पूरा करेगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किसके घर से क्या-क्या मिला है।

इसके बाद देर रात जांच अधिकारी यह तय करेंगे कि सोमवार को अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों की दोबारा पुलिस रिमांड मांगी जाए या नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक, सभी आरोपियों के घरों से कुछ न कुछ सामान बरामद हुआ है और फिलहाल उसकी जांच व सत्यापन किया जा रहा है।

इससे पहले रविवार को आरोपी टिन्नू यादव की पड़ोसी तारा देवी ने आईएएनएस से बातचीत में उन्हें अपना "भाई" बताते हुए उनकी बेगुनाही पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, "वह अच्छे इंसान हैं। उन्हें झूठा फंसाया जा रहा है।"

वहीं, आरोपी अनुकल्प मिश्रा के पड़ोसी कृष्णानंद तिवारी ने कहा, "जो भी इस मामले में शामिल है, चाहे वह मेरा भाई (मिश्रा) ही क्यों न हो, जिसने भी चोरी या गलत काम किया है, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्हें अपने कृत्य पर शर्म आनी चाहिए, क्योंकि यह भगवान से जुड़ा मामला है। उन्होंने करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ विश्वासघात किया है।"



एक अन्य पड़ोसी अनुराग ने बताया कि वह करीब एक साल से मिश्रा को जानते हैं। उन्होंने कहा, "उनका स्वभाव अच्छा था। जब भी मुलाकात होती थी, हम एक-दूसरे का अभिवादन करते थे। उनके मन में कोई गलत इरादा था या नहीं, यह मैं नहीं जानता।"

मंदिर में कथित चोरी के मामले में कुल आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर गुरुवार को अयोध्या कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनमें रामशंकर यादव, ट्रस्ट के कर्मचारी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष यादव, करुणेश पांडेय, रामाशंकर मिश्रा, अविनाश शुक्ला और सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी सुभाष श्रीवास्तव शामिल हैं। यह मामला तब दर्ज किया गया, जब तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कई स्तरों पर अनियमितताओं की ओर संकेत किया।

# यमुना पर माफियाओं का राज! अवैध खनन से कमला पंप कैनाल पर संकट

**नदी की मुख्य धारा में जेसीबी से बेखौफ खनन, पानी में पलटी मशीन, जिम्मेदार विभागों की चुप्पी पर उठे सवाल**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** यमुनानगर के लालापुर क्षेत्र में यमुना नदी के भीलोर घाट पर अवैध बालू खनन का खेल चरम पर पहुंच गया है। खनन माफिया नियम-कायदों को ठेंगा दिखाते हुए नदी की मुख्य जलधारा में भारी मशीनों और जेसीबी से लगातार बालू निकाल रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ क्षेत्र की जीवनदायिनी कमला पंप कैनाल का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सब कुछ जिम्मेदार विभागों की जानकारी में होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही।

सूत्रों के मुताबिक भीलोर यमुना घाट पर प्रतिबंधित मशीनों से बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है। हाल ही में नदी के भीतर बालू निकालते समय एक जेसीबी अनियंत्रित होकर पानी में पलट गई। चालक को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि अधिक मुनाफे की लालच में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।क्षेत्र में सुबह से देर रात तक अवैध बालू से लदे ओवरलोड ट्रक और डंपर बेधड़क दौड़ रहे हैं। इन भारी वाहनों के कारण सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, जबकि उड़ती धूल से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लालापुर पुलिस और खनन विभाग को पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जाती हैं।

सबसे बड़ी चिंता कमला पंप कैनाल को लेकर है। कैनाल के आसपास लगातार हो रहे गहरे खनन से उसकी नींव कमजोर होने और जमीन धंसने की आशंका बढ़ गई है। यदि समय रहते अवैध खनन नहीं रुका, तो कैनाल को गंभीर क्षति पहुंच सकती है, जिससे हजारों किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की है कि भीलोर सहित लालापुर क्षेत्र के सभी यमुना घाटों पर विशेष अभियान चलाकर अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही, अवैध खनन में शामिल लोगों और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# अरैल क्षेत्र में स्वच्छता एवं जन जागरण अभियान चला

**हवा साफ होगी पेड़ लगाने से, और देश साफ होगा, सफाई के लिए हाथ बढ़ाने से : कुंवर जी तिवारी**





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा रविवार को ज्येष्ठ मास के गर्मी से भरें महीने में अरैल क्षेत्र में स्वच्छता एवं जन जागरण अभियान कार्यक्रम अधिकारी नीरज पांडेय (सरकारी अध्यापक) द्वारा अरैल स्थित शूलटांकेश्वर मंदिर में चलाया गया। जिसमें उन्होंने कहा की मंदिर एवं गंगा तटों की साफ सफाई की जिम्मेदारी बस इस संस्था की ही नहीं है, बल्कि देश व समाज में रहने वाले प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, कि आस्था के पवित्र स्थलों को साफ सफाई रखने में अपना-अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। संस्था के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने कहा कि मंदिर एक ऐसा स्थान है, कि जहां पर इंसान अपने मन की व्यथाओ को लेकर आता है,और उसको वहां पर शांति एवं हर समस्याओं का निदान प्राप्त होता है, और साथ ही साथ मन को सुकुन मिलता है तो ऐसे पवित्र स्थलों को साफ सुथरा रखने में प्रत्येक दर्शनार्थियों, पुजारियों और प्रत्येक आम जनमानस का कर्तव्य है, कि साफ सफाई में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सुनील कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, विकास मिश्रा, एड.आत्म प्रकाश यादव,शशिकांत पांडेय, डॉ सुनीता विश्वकर्मा, संदीप केसरवानी, इंदु प्रकाश सिंह, धीरज राजवानी, दीपक दीक्षित, निर्मल कुशवाहा, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## दो गांवों में मार पीट आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचडीह निवासी मनोज कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर कर मारा पीटा गया।घायल मनोज कुमार ने मऊआइमा थाना में खुशबू, खुशी, मुस्कान,अनिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। ग्राम महरौंडा निवासी कैश युसुफ का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर लाठी डंडा से उसे मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा जान से मारने की धमकी दिए। घायल कैश युसुफ ने गांव के ही गुलाम साकिब,गुलाम साजिद,नूर मोहम्मद, जिशान, मुजम्मिल एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पुलिस ने अवैध शराब मामले का वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने वर्ष 2023 में दर्ज अवैध शराब निर्माण एवं मिलावट के मामले में वांछित आरोपी गंगाराम निषाद (40) को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे थाना क्षेत्र के ग्राम मवैया मंदिर के पास से पकड़कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 17 मई 2023 को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अवैध देशी शराब, शराब बनाने के उपकरण तथा मिलावट में प्रयुक्त सामग्री के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना औद्योगिक क्षेत्र में मुकदमा आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसी प्रकरण में गंगाराम निषाद वांछित चल रहा था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अवैध शराब बनाकर बेचता था तथा शराब को जल्दी तैयार करने और उसका नशा बढ़ाने के लिए उसमें मिलावट भी करता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गंगाराम निषाद पुत्र सूरज पाल निवासी ग्राम मवैया थाना औद्योगिक क्षेत्र केरूप में हुई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रभाकर शुक्ला, कांस्टेबल शिवम कुमार एवं कांस्टेबल अमन पाल शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।




# एकल विद्यालय के आचार्यों की बैठक संपन्न, जुलाई से नियमित कक्षाएं संचालित करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** आदर्श संच सहसों के अंतर्गत एकल विद्यालय फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज, सहसों में आचार्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संच क्षेत्र के 27 आचार्यों की कार्य समीक्षा करते हुए आगामी सत्र की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि एवं संच प्रभारी पवन कुमार शुक्ला ने सभी आचार्यों को निर्देशित किया कि जुलाई माह से सभी एकल विद्यालयों में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आचार्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास करें, ताकि शिक्षा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सभी आचार्यों को शिक्षण सामग्री का वितरण भी किया गया। इसमें ब्लैकबोर्ड, कॉपी, पेन, मार्कर, चार्ट, अंक चार्ट सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई, जिससे शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

कार्यक्रम में अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत सिंह, उधम सिंह, विजय कुमार, साधना कुमारी, सुषमा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा के प्रसार और एकल विद्यालयों के सुदृढ़ संचालन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

## साधु-संतों एवं ज्योतिषाचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित



**नैनी।** नैनी पदम सेन मनमोहन हनुमान धाम, मनुपुर मनैया में ज्योतिषाचार्य स्वर्गीय पंडित राममूर्ति द्विवेदी की स्मृति में साधु-संतों एवं ज्योतिषाचार्यों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सच्चा बाबा आश्रम के महंत स्वामी डॉ. चंद्रदेव महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि पिता के ऋण को उतारने के लिए पुत्र का धर्म के मार्ग पर चलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति के जीवन की अनेक बाधाएँ स्वतः दूर हो जाती हैं। कार्यक्रम में मनमोहन द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि आश्रम के महंत डॉ. प्रकाश द्विवेदी (छोटे महाराज) ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रमिक नेता आर.एल.डी. दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. अरविन्द कुमार सिंह (डीएफओ), डॉ. बिजेंद्र मिश्रा (विभागाध्यक्ष, ज्योतिष विभाग, नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय), डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता (निर्देशिका, भारतीय ज्योतिष संस्थान), देवेन्द्र मिश्र नगरहा (सदस्य, उत्तर प्रदेश बारकाउंसिल), ज्योतिषाचार्य अजय मिश्रा, पूर्व प्राचार्य प्रभाकर शुक्ला, कैलाश नाथ त्रिपाठी, संजय तिवारी, पुरणेंदु प्रकाश पाण्डेय, पं. राम गनेश पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य आशुतोष तिवारी तथा भाजपा जमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सीएचसी शंकरगढ़ से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक दवा

**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर किया। अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षित रखना और देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने की दिशा में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर डॉ. अजीत सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर दवा पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे तक दवा पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह सक्रिय रही। डॉ अनूप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत बूथ दिवस के बाद घर-घर जाकर भी उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्रवासियों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।कार्यक्रम में डॉ. अनूप सिंह, डॉ. विनोद सिंह, बीपीएम अभिषेक मिश्रा, सीपीएम अजय कुमार, संजय प्रजापति, काउंसलर नंदलाल, फार्मासिस्ट करण, फार्मासिस्ट दिलीप, एएनएम एवं सुपरवाइजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजेंद्र पाल गौतम को यूपी कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर गंगापार कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के कार्यकताओं ने रविवार को थानापुर गांव में अनुसूचित जाति (एससी) प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि राजेंद्र पाल गौतम एक योग्य, कर्मठ, ईमानदार एवं गरीब, वंचित तथा शोषित वर्ग की आवाज बुलंद करने वाले समर्पित नेता हैं। उनके प्रभारी बनाए जाने से प्रदेशभर के कांग्रेस कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रभार ग्रहण करने के बाद अपने प्रथम संबोधन में राजेंद्र पाल गौतम ने स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ तक संगठन को सशक्त करना होगा। कार्यकताओं को पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने भाजपा की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जाति, धर्म, मंदिर-मस्जिद और क्षेत्रवाद की राजनीति से ऊपर उठकर समाज के हर वर्ग के हितों के लिए कार्य करना ही कांग्रेस की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय, महासचिव सुनील पांडे, सलीम टाइगर, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश पासी, डॉ. अमर सिंह पटेल, श्यामजी धुरिया, स्वदेश तिवारी, हर्ष चौधरी, पियुष कपूर, हरिभान सिंह सिंगरौर, मो. शफीक, मो. यूसुफ, राजेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**सहसों।** शनिवार शाम सहसों से घर जा रहे स्कूटी सवार वृद्ध को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना सराय इनायत के सहसों पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत चंदौहां गांव निवासी अजीमुल्ला उर्फ बरसाती (80) पुत्र बकरीद शनिवार शाम किसी कार्य से स्कूटी से सहसों बाजार आए थे। कार्य समाप्त होने के बाद वह अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह महरौड़ा स्थित रिंग रोड अंडरपास के पास पहुंचे ही थे कि सर्विस रोड से तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए। सूचना पर पहुंची सहसों पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया।

# यमुनापार को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग






**नैनी।** नैनी यमुनापार विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति कार्यालय नैनी में हुई जिसमें यमुनापार को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि यमुनापार के कुछ क्षेत्रों में किसानों ने इस आशय से धान की नर्सरी तैयार कर लिया कि जैसे ही बारिश होगी धान की रोपाई कर ली जाएगी लेकिन बरसात न होने से किसानों के मंसूबों पर पानी फिर गया है। समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अपने क्षेत्र में अमूमन 20 से 22 जून के बीच मानसूनी बरसात हो जाती है पर इस वर्ष जून के अंतिम बचे दिनों में भी तेज धूप और गर्मी के बीच बरसात की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने यमुनापार के कोरांव, शंकरगढ़ व मांडा क्षेत्र के कुछ गांवों में छाए पेयजल संकट पर चिंता व्यक्त किया।समिति के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद ने कहा कि यमुनापार के तालाब सूखे पड़े हैं, अधिकांश नहरों में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। कुछ किसानों ने निजी नलकूपों के माध्यम से धान की नर्सरी तथा पशुओं के लिए हरे चारे की बुवाई कर लिया लेकिन पानी के अभाव, तेज धूप व भीषण गर्मी से उनकी फसलें सूख रही हैं। महासचिव अखिलेश सिंह ने कहा कि किसानों की खेती पानी पर ही निर्भर होती है। अन्नदाता पानी के अभाव में अपनी खेती को लेकर चिंतित है, ऐसे में सरकार को यमुनापार क्षेत्र को सूखा ग्रस्त घोषित कर किसानों की सहायता करना चाहिए। समिति के महामंत्री खेमराज सिंह, रितेश सिंह, डॉ अरविन्द सिंह, महराज सिंह राठौर, अतुल्य सिंह आदि ने भी यमुनापार को सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है।

# प्रयागराज पहुंचे अखिलेश यादव दिखाए गए काले झंडे, गो बैक के लगाए गए नारे, सपाइयों ने पीटा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को प्रयागराज पहुंचने काले झंडे दिखाए गए। अंजान आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने अखिलेश गो बैक के नारे लगाए। अंजान आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाए। इससे आक्रोशित सपा नेताओं ने काला झंडा दिखा रहे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे और भदोही के जिलाध्यक्ष की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस किसी तरह से से बीच बचाव कर मामला शांत किया। रविवार को प्रयागराज पहुंचे अखिलेश यादव को अंजान आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने काले झंडे दिखाए। अखिलेश गो बैक के नारे लगाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे के साथ आधा दर्जन से अधिक लोग अखिलेश के काफिले के सामने झंडा लेकर खड़े हो गए और अखिलेश गो बैक के नारे लगाने लगे। जिसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प, गाली-गलौज और धक्का मुक्की शुरू हो गई। इसका सोशल मीडिया पर वीडीओ वायरल हुआ हैं।

अंजान आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष मिश्रा के अनुसार दरअसल यह पूरा विवाद ब्राह्मणों की राजनीति और कथित धोखेबाजी को लेकर शुरू हुआ। अंजान आदमी पार्टी के नेताओं का आरोप है कि अखिलेश यादव एक बार फिर ब्राह्मणों का इस्तेमाल कर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। जब पार्टी के कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से काले झंडे दिखाकर अपना विरोध दर्ज कराना चाहा, तो समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने मारपीट किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करती है और विरोध करने पर अपनी गुंडागर्दी पर उतर आती है। इस हमले में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे की शर्ट तक फट गई और उन्होंने अपनी जान का खतरा भी बताया है। अनजान आदमी पार्टी के नेता डॉ आशुतोष मिश्रा ने कहा कि 2022 में अखिलेश यादव ने ब्राह्मणों के नाम पर हम लोगों को अपनी पार्टी में शामिल किया था और फिर हमारे साथ छल किया। आज वो फिर ब्राह्मणों की राजनीति लेकर आ रहे हैं। हम इसका सांकेतिक विरोध कर रहे थे, लेकिन उनके लोग गुंडागर्दी पर उतर आए। गाली-गलौज, मारपीट किया गया जबकि आशीष का कहना है कि सपा का गुंडा रूप आज सबके सामने आ गया है। दो लोगों ने मेरे साथ हाथापाई की और शर्ट फाड़ दी। अगर मैं वहां से भागता नहीं तो आज मेरी जान जा सकती थीं। हम सिर्फ 10-12 लोग शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने आए थे।

# पत्थर नसब कराने पहुंची पुलिस के साथ राजस्व टीम महिलाओं के आगे विवश महिलाओं के भारी विरोध के चलते बिना पत्थर नसब कराए वापस लौटी



**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में रविवार को एसडीएम हंडिया के आदेश पर राजस्व टीम उतरांव पुलिस के साथ विवादित जमीन पर पत्थर नसब कराने पहुंची। जब पत्थर नसब के गढ्ढे खुदाई का कार्य शुरू हुआ तभी विपक्ष की महिलाओं के द्वारा हंगामा करते हुए भारी विरोध शुरू कर दिया गया। जिसके चलते पुलिस महिलाओं के आगे बेबस हो गई। पुलिस और महिलाओं के बीच नोक झोंक भी हुई। बिना पत्थर नसब कराए ही राजस्व टीम एवं पुलिस को वापस लौटना पड़ा। मौके की स्थिति को देखते हुए राजस्व टीम एवं पुलिस ने पत्थर नसब के कार्य को अस्थगीत कर दिया।उतरांव थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी केसा देवी पत्नी रामानुज यादव ने एसडीएम हंडिया को प्रार्थना पत्र देकर जमीन की पैमाइश एवं पत्थर नसब कराए जाने की मांग की थी। जहां पर उनके द्वारा आदेश पारित कर टीम गठित की गई थी। उनके आदेश पर राजस्व टीम पत्थर नसब कराने पहुंची थी। जहां राजस्व टीम एवं पुलिस को दूसरे पक्ष के महिलाओं के भारी विरोध के चलते उनके आगे झुकना पड़ा। फोटो और काजीपुर गांव में पत्थर नसब के दौरान विरोध करती महिलाएं।

# पत्नी और बच्चों का हाईकोर्ट ने बढ़ाया गुजारा भत्ता

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भरण-पोषण तय करने के मामलों में अदालतों को तकनीकी आधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और आश्रितों की गरिमापूर्ण जीवन-यापन की जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्णय देना चाहिए। न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की एकल पीठ ने बुलंदशहर फैमिली कोर्ट के आदेश को आंशिक रूप से निरस्त करते हुए पत्नी और दो नाबालिग बच्चों के भरण-पोषण की राशि बढ़ा दी।

मामले में फैमिली कोर्ट ने पत्नी को भरण-पोषण देने से इनकार कर दिया था और दोनों बच्चों को केवल 3-3 हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए पत्नी और बच्चों ने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि धारा 125 सीआरपीसी की कार्यवाही का उद्देश्य परित्यक्त पत्नी और आश्रित बच्चों को आर्थिक सुरक्षा देना है। ऐसे मामलों में अदालत को वैवाहिक विवादों की विस्तृत सुनवाई की तरह कठोर साक्ष्यों की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। यदि पति ने भरण-पोषण देना बंद कर दिया है और पति-पत्नी के बीच गंभीर वैवाहिक विवाद है, तो यह पत्नी के अलग रहने का उचित आधार माना जा सकता है।

अदालत ने यह भी माना कि पति, जो सेना से सेवानिवृत्त है और पेंशन प्राप्त करता है, अपनी पत्नी और दो स्कूली बच्चों के भरण-पोषण से बच नहीं सकता। बच्चों को 3-3 हजार रुपये प्रतिमाह देना वर्तमान परिस्थितियों में अपर्याप्त और अव्यावहारिक है।

हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश संशोधित करते हुए पत्नी के लिए 5 हजार रुपये प्रतिमाह तथा दोनों नाबालिग बच्चों के लिए 4-4 हजार रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण निर्धारित किया। कुल 13 हजार रुपये प्रतिमाह की यह राशि आवेदन दायर होने की तारीख 2 फरवरी 2021 से देय होगी। साथ ही, बकाया राशि 12 समान मासिक किस्तों में चुकाने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि भुगतान में चूक होने पर पेंशन सहित अन्य वैध देयों से वसूली की जा सकेगी।

# 1,000 के संदेह में पूरा बैंक खाता सीज करना अनुचित : हाईकोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा प्रयागराज की एक गृहिणी का पूरा बैंक खाता सीज किए जाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध में संदिग्ध राशि के बजाय पूरे बैंक खाते को सीज करना उचित नहीं है। साथ ही मेवात के पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर कार्रवाई का आधार स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

प्रयागराज निवासी अनुश्री श्रीवास्तव का भारतीय स्टेट बैंक की एमएनएनआईटी शाखा, तेलियरगंज में बचत खाता है। याचिका के अनुसार, 22 मार्च 2026 को हरियाणा के एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते में ?1,000 जमा किए थे। इसके कुछ दिन बाद, 30 मार्च से उनके खाते से ऑनलाइन लेनदेन बंद हो गए।

अनुश्री ने 10 अप्रैल को बैंक शाखा प्रबंधक को लिखित शिकायत दी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। बाद में जानकारी मिली कि हरियाणा के साइबर क्राइम थाना, मेवात (जिला नूंह) ने 9 अप्रैल 2026 के आदेश से उनका पूरा बैंक खाता सीज कर दिया है।

न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 106(3) के तहत पुलिस के लिए जब्त की गई संपत्ति की सूचना तत्काल संबंधित मजिस्ट्रेट को देना अनिवार्य है। प्रथम दृष्टया इस मामले में इस वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी खाते में अपराध की आय होने का संदेह है तो केवल उतनी ही संदिग्ध राशि को रोका जा सकता है। मात्र ?1,000 की संदिग्ध रकम के आधार पर पूरे बैंक खाते को सीज करना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता।

अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक सहित सभी विपक्षियों को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं, साइबर क्राइम ब्रांच मेवात के पुलिस अधीक्षक को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने का आदेश दिया गया है कि बिना अपराध की राशि स्पष्ट किए पूरा बैंक खाता सीज करने की आवश्यकता क्यों पड़ी। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

# राज्य कर सहायक अधिकारी बन बेटी शैलजा ने बढ़ाया क्षेत्र और जौनपुर जिले का गौरव

## बिहार की वीपीएससी परीक्षा में जौनपुर की बेटी शैलजा ने 265वीं रैंक हासिल कर बनी अधिकारी,परिवार के साथ साथ किया जिले का नाम रोशन बेटी की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर परिजनों को है फक्र घर में है जश्न का माहौल बधाई देने वालों का लगा है तांता

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** कहते हैं कि हौंसला बुलंद हैं तो सफलता कदम चूमती है। इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए जौनपुर की बेटी शैलजा विक्रम बिहार की वीपीएससी परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल कर राज्य कर अधिकारी बन बुलंद हौसला के साथ घर लौटी शैलजा विक्रम आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। एकेटीयू लखनऊ से शैलजा विक्रम की कड़ी मेहनत और परिश्रम के साथ की गई डिप्लोमा की पढ़ाई और परिजनों का आशीर्वाद रंग लाया है। वीपीएससी बिहार की परीक्षा में 265वीं रैंक हासिल कर न केवल परिवार का नाम रोशन किया है बल्कि उनकी इस उत्कृष्ट सफलता ने पूरे जौनपुर का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि मेजा के राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बतौर प्राचार्य कार्यरत शैलजा विक्रम के पिता शैलेन्द्र विक्रम ने बताया कि शुरूआती शिक्षा से ही पढ़ने लिखने में शैलजा बेहद होनहार रही हैं और इस पद के लिया उनका चयन दूसरे प्रयास में हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले प्रयास में शैलजा विक्रम ने परीक्षा में सम्मिलित हुई थीं लेकिन साक्षात्कार में उत्तीर्ण नहीं हो पाई थीं। शैलजा की प्रारंभिक शिक्षा मालवीय शिशु विहार वीएचयू वाराणसी से हुई थी। इसके पश्चात कक्षा 6वीं से 12वीं तक की शिक्षा शैलजा ने ज्योति निकेतन स्कूल आजमगढ़ से पूरी करने के बाद सन 2019 में एकेटीयू से संबद्ध रामस्वरूप मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज लखनऊ से इलेक्ट्रिशियन ट्रेड से बीटेक की डिग्री हासिल किया। तत्पश्चात सन 2023 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी कर पिता शैलेन्द्र विक्रम के राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज मेजा में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गईं। इस दौरान शैलजा विक्रम ने स्टडी सर्किल दिल्ली के जामिया मीलिया इस्लामिया में भी तैयारी में लगी रही हैं। शैलजा की माता विद्या विक्रम बेहद सरल स्वभाव की एक सामान्य गृहणी हैं,शैलजा विक्रम अपने एक भाई सौरभ विक्रम के बीच एकलौती बहना हैं। शैलजा के भाई शौरभ विक्रम भी पढ़ाई में बेहद होनहार हैं उन्होंने ने भी आईआईटी कानपुर से डिप्लोमा की डिग्री हासिल किया है। गौरतलब है कि बेटी साइज विक्रम की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर माता विद्या विक्रम और पिता शैलेन्द्र विक्रम को जहां फक्र है वहीं परिवार के साथ साथ सगे संबंधियों और रीतेदारों में जश्न का माहौल है।

इतना ही नहीं बेटी के अधिकारी बनने की खुशी में परिजनों द्वारा पूरे मुहल्ले के लोगों का जहां मुंह मीठा कराया जा रहा है साथ ही साथ होनहार शैलजा विक्रम को बधाई देने तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने वाले उनके सगे संबंधियों और रिश्तेदारों व अन्य शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है।

शैलजा विक्रम

# भाकियू टिकैट गुट की बड़ी कार्रवाई, प्रदेश उपाध्यक्ष व मध्यांचल अध्यक्ष सहित 29 पदाधिकारी-कार्यकर्ता संगठन से निष्कासित

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन यानी भाकियू (टिकैत गुट) ने यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह और मध्यांचल अध्यक्ष सालिकराम यादव सहित 29 पदाधिकारियों व कार्यकताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। संगठन विरोधी नीतियों व क्रियाकलापों को देखते हुए यूनियन की प्रदेश समन्वय समिति ने यह कार्रवाई की है। हालांकि निकाले गए पदाधिकारियों का कहना है कि वह पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

दरअसल प्रदेश में पिछले कई महीने से भाकियू अंदरखाने में चल रहे आपसी संघर्ष व विरोध से जूझ रही थी। यूनियन की यह रार बीते मार्च के महीने में तब सार्वजनिक हुई थी, जब एक साथ करीब 1800 पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने इस्तीफे का ऐलान किया था। प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में हुई एक सभा के दौरान मध्यांचल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसकी घोषणा की थी।

इसके बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत खुद प्रयागराज आए थे। नाराज पदाधिकारियों से मुलाकात करके मामले को सुलझाने का प्रयास किया था, लेकिन बात नहीं बनी। आखिर रविवार यानी 28 जून को पदाधिकारियों व कार्यकताओं सहित 29 लोगों को यूनियन से निकाल दिया गया।

यूनियन के राष्ट्रीय कार्यालय मुजफ्फरनगर के प्रभारी अर्जुन बालियान ने बताया कि यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, मध्यांचल अध्यक्ष सालिकराम यादव, लखनऊ के मंडल अध्यक्ष केके सिंह, लखनऊ मंडल कार्यकारिणी के सदस्य दिलराज सिंह, मध्यांचल उपाध्यक्ष सूरज पाल, प्रयागराज के जिला उपाध्यक्ष रामजतन पाल सहित 29 पदाधिकारियों व कार्यकताओं को यूनियन से निष्कासित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश की प्रदेश समन्वय समिति ने इनकी संगठन विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता को देखते हुए यह कार्रवाई की है।

भाकियू से निकाले गए मध्यांचल अध्यक्ष सालिकराम यादव का कहना है कि इस निष्कासन का कोई मतलब ही नहीं है, जब वह पहले ही त्यागपत्र दे चुके हैं। इस्तीफा देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सहित 1800 पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे। यह सब अब भी यूनियन से अलग हैं। उन्होंने कहा कि जिस संगठन में पदाधिकारियों व कार्यकताओं की सुनी न जाए, उसमें रहने का कोई फायदा ही नहीं।

# मानसून आगमन का प्रयागराज में नया अपडेट 9 दिन विलंब से पहुंचेगा, झमाझम होगी बारिश



**प्रयागराज।** भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। इस बार मानसून अपने तय समय से करीब नौ दिन की देरी से शहर में पहुंचने की संभावना है। सामान्यतः प्रयागराज में मानसून 20 से 22 जून के बीच दस्तक दे देता है, लेकिन इस वर्ष इसके एक जुलाई के आस-पास पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद अच्छी बारिश की संभावना है।

हालांकि मानसून के आगमन से पहले संगम नगरी में आग बरस रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर भीषण गर्मी के साथ उमस के हालात बने रहे। वहीं न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक रहा।

उधर, प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होने से वातावरण में नमी लगातार बढ़ रही है। आर्द्रता का स्तर सुबह 70 प्रतिशत तक पहुंच रहा है, जो मानसून से पहले होने वाली गतिविधियों का संकेत है। बढ़ी हुई नमी के कारण लोगों को गर्मी के साथ उमस का भी सामना करना पड़ रहा है।

### एक जुलाई को प्रयागराज पहुंचेगा मानसून

मौसम विज्ञानियों के अनुसार सोमवार यानी 29 जून को मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है और दो दिनों में ही इसके प्रयागराज में पहुंचने की संभावना है। ऐसे में आने वाले दिनों में बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अब आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे तथा एक-दो स्थानों पर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

दो जुलाई को आसमान बादलों से ढंका रहेगा और कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। तीन जुलाई से बारिश की गतिविधियां और तेज होने के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान घटकर 36 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

यदि मानसून अनुमानित समय पर प्रयागराज पहुंचता है तो जुलाई के पहले सप्ताह से नियमित वर्षा का दौर शुरू हो सकता है। इससे न केवल लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलेगी बल्कि किसानों के लिए खरीफ फसलों की बुवाई का रास्ता भी आसान होगा।

# करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत खेत में सिंचाई करते समय हुआ हादसा

**प्रयागराज।** यमुनापार के बारा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। हरदी गांव में खेत की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चलाते समय करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हरदी गांव निवासी 61 वर्षीय विनोद कुमार बिंद पुत्र स्व. बिहारी लाल रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे खेत में ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान कटे हुए बिजली के तार की चपेट में आ गए। पिता को करंट की चपेट में तड़पता देख बड़ा बेटा 35 वर्षीय धनु कुमार बिंद उन्हें बचाने के लिए दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में पिता-पुत्र अचेत होकर गिर पड़े।



कुछ दूरी पर दूसरे खेत में मौजूद परिवार के लोग उनकी चीख सुनकर वहां पहुंचे। उन्होंने बांस की मदद से किसी तरह दोनों को करंट से अलग किया और आनन-फानन जसरा के निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। विनोद कुमार बिंद के छोटे पुत्र रवि कुमार बिंद ने पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया कटे बिजली तार की चपेट में आने से हादसा होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विनोद कुमार बिंद और उनके बड़े पुत्र धनु कुमार बिंद ही परिवार की आर्थिक रीढ़ थे। छोटे बेटे रवि सहित एक बहन की शादी अभी बाकी है। एक तरफ अब जहां रवि पर पारिवारिक जिम्मेदारी आ गई है, वहीं धनु कुमार बिंद की पत्नी पुष्पांजलि, उसके दो बेटे विवेक और आयुष, पुत्री अनुप्रिया की रो-रो कर हालत खराब है। परिवार के सामने बच्चों की शिक्षा, भरण-पोषण और भविष्य की चिंता सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता, सरकारी योजनाओं का लाभ और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर 40 लाख का बंदरबांट करने का आरोप

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** सरकार भले ही तालाबों के संरक्षण और उनके कायाकल्प के लिए खजाना खोल रही हो, लेकिन नगर पंचायत पट्टी में जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता सरकारी मंशा पर पानी फेर रही है। वार्ड संख्या-08 स्थित नौवा तारा तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर 40 लाख रुपये की धनराशि का आहरण तो कर लिया गया, लेकिन धरातल पर आज भी तालाब बदहाली के आंसू बहा रहा है। मामले में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शिवम् सिंह ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री सहित अन्य से की है।

शासन के नगर विकास अनुभाग-5 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय झील, तालाब संरक्षण योजना के तहत बड़ी धनराशि आवंटित की गई थी। इसी कड़ी में प्रतापगढ़ जनपद की नगर पंचायत पट्टी को वार्ड संख्या-08 स्थित नौवा तारा तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु 55.06 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई थी। स्वीकृत बजट के सापेक्ष विभाग ने पहली किस्त के रूप में 40 लाख रुपये की बड़ी धनराशि निकाल ली। शासन का स्पष्ट निर्देश था कि तालाबों का जीर्णोद्धार शीर्ष प्राथमिकता पर हो और कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। अधिवक्ता शिवम् सिंह ने शासन की इसी गाइडलाइन का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि न तो तालाब का सुंदरीकरण हुआ और न ही कोई निर्माण कार्य ही देखने को मिल रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर 40 लाख रुपये की यह बड़ी धनराशि कहाँ खर्च कर दी गई? इस कथित भ्रष्टाचार को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ता शिवम् सिंह ने इस मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने दिनांक 17 मार्च, 2025 के तहत जारी बजट के दुरुपयोग की विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सरकारी धन का बंदरबांट करने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु 17 लाख रुपये का भुगतान बिजली के सामान और खंभों की खरीद के लिए किया गया है, जिसके बिल और साक्ष्य हमारे पास मौजूद हैं। बाकी सभी आरोप निराधार हैं।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, पांच लोग घायल



**कुंडा।** झारखंड से परिवार को दिल्ली ले जा रही कार का टायर गंगा एक्सप्रेस वे पर फट गया। इससे कार पलट गई। जिससे कार सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से संग्रामगढ़ सीएचसी भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया। झारखंड के जापला गांव निवासी 65 वर्षीय दामोदर निजी कार से अपनी 55 वर्षीय पत्नी कलावती, 30 वर्षीय बेटे विजेन्द्र सिंह, 28 वर्षीय बहू रानी, 6 वर्षीय पोती जाह्नवी के साथ दिल्ली जा रहे थे। रविवार दोपहर बाद जैसे ही वह महेशगंज थानाक्षेत्र के रायगढ़ गांव के सामने गंगा एक्सप्रेस-वे सड़क पर पहुंचे कि अचानक कार का टायर फट गया।कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। चीख पुकार सुनकर हाईवे से निकल रहे राहगीरों ने कार सीधी कर घायलों को बाहर निकाला। यूपी 112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाए। प्राथमिक उपचार के बाद भी दामोदर और उनकी पत्नी कलावती की हालत गंभीर बनी रहने पर डॉक्टरों ने एम्स रायबरेली को रेफर कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### सर्पदंश से अधेड़ की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** सर्पदंश से अधेड़ की मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के पूरे कलंदर निवासी बृजपाल वर्मा (51) पुत्र नकछेद वर्मा को शनिवार की देर रात करीब तीन बजे सोते समय बिस्तर पर सांप ने डस लिया। परिजन इलाज के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। प्रारम्भिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह वहां इलाज के दौरान बृजपाल की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब कोहराम मच गया। पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया।

### वांछित धराए गये जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने एससीएसटी के मुकदमें में कोर्ट के दो वांछितों को रविवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा दीपक कुमार यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। हदिराही निवासी विजय उर्फ दिग्विजय पुत्र रामअंजोर तथा इसी गांव के राकेश कुमार वर्मा पुत्र हरी लाल को पुलिस ने घर के समीप से हिरासत में ले लिया। दोपहर बाद आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का दर्ज हुआ मुकदमा, आरोपी गांव का ही युवक, दो दिन थाने के चक्कर काटने के बाद कार्रवाई

**कुंडा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मां के साथ सो रही नाबालिग किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने घर में घुसकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर दो दिन तक मुकदमा दर्ज न करने वाली पुलिस ने मीडिया में खबर चलने के बाद केस दर्ज किया है। शुक्रवार भोर करीब 4 बजे महिला अपनी नाबालिग पुत्री के साथ घर में सो रही थी। आरोप है कि उसी गांव का युवक घर में घुस आया और सो रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए गलत हरकत करने लगा। किशोरी की नींद खुलने पर शोर मचाने पर आरोपी अपनी चप्पल छोड़कर भाग गया। पीड़िता के अनुसार करीब आधे घंटे बाद आरोपी युवक अपनी चप्पल लेने दोबारा घर पहुंचा। इस पर किशोरी ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह छुड़ाकर भाग निकला। शुक्रवार सुबह ही पीड़िता की मां आरोपी की चप्पल लेकर थाने पहुंची और नामजद तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने दो दिन तक थाने बुलाने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद शिवधान केसरीश द्वारा सोशल मीडिया पर खबर चलाए जाने पर हरकत में आई पुलिस ने आरोपी करन धुरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### स्थानान्तरित सीओ आशुतोष मिश्र को दी गयी विदाई



**लालगंज।** सीओ सिटी पद पर स्थानान्तरित हुए पुलिस उपाधीक्षक आशुतोष मिश्रा को रविवार को सीओ कार्यालय में विदाई कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया। वहीं नये सीओ राजीव द्विवेदी ने दोपहर बाद यहां कार्यभार संभाल लिया। विदाई कार्यक्रम का संयोजन लालगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने किया। अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, निरंजन पाण्डेय, संदीप मिश्रा, सभासद पन्ने लाल पाल आदि ने स्थानान्तरित सीओ आशुतोष को स्मृतिचिन्ह व बुके प्रदान कर सम्मानित किया। सीओ आशुतोष ने एक वर्ष के स्थानीय कार्यकाल में क्षेत्रीय नागरिकों तथा विभागीय कर्मियों के सहयोग के प्रति आभार जताया।

### ई-रिक्शा पलटने से महिला समेत तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कोंहराव गांव निवासी ई-रिक्शा चालक संगम लाल मंगलवार को शिवकुमार वर्मा (40) और उनकी बुआ जगपत्ती (60) को लेकर पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बंधवा बाजार के समीप शिरीया गांव छोड़ने जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही ई-रिक्शा लालगंज बाजार के पास पहुंचा, तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।हादसे में ई-रिक्शा चालक संगम लाल, शिवकुमार वर्मा और जगपत्ती घायल हो गए। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर शिवकुमार वर्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सीएचसी पट्टी में चल रहा है।सीएचसी पट्टी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि घायल अवस्था में महिला समेत तीन लोग अस्पताल आए थे, जिनमें एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**कुंडा।** संग्रामगढ़ थानाक्षेत्र के हिसामपुर गांव निवासी रघुनाथ का 38 वर्षीय बेटा दिलीप कुमार शनिवार को बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य हादसों में कोतवाली के ऊगापुर मनगढ़ गांव निवासी राजेश पटेल, बसहीपुर गांव का शुभम सरोज, भिटवा गांव निवासी अभिनव तिवारी, बसहीपुर गांव निवासी सुमित पटेल, शिवा पटेल घायल हो गए। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

### ससुराल आए युवक की हार्ट अटैक से मौत

**कुंडा।** रायबरेली के भाव कुचरिया गांव निवासी राम हरख के 32 वर्षीय बेटे संदीप कुमार की ससुराल हथिगवां थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर गांव में है। वह शुक्रवार को अपनी ससुराल आया था। शनिवार रात करीब एक बजे अचानक उसके सीने में दर्द हुआ तो उसकी हालत बिगड़ने लगी। घबराए परिजन उसे सीएचसी कुंडा लाए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## नौनिहालों को पिलाई गयी खुराक, समारोहपूर्वक हुआ अभियान का शुभारम्भ



**प्रतापगढ़।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में रविवार को पल्स पोलियो अभियान को लेकर एहतियातन नौनिहालों को खुराक पिलायी गयी। अभियान का शुभारम्भ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व अधीक्षक डॉ0 अरविन्द गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। अधीक्षक डॉ. अरविन्द गुप्ता ने बताया कि एक वर्ष से पांच वर्ष के बच्चों को विकलांगता से बचाव के लिए पोलियो खुराक का अभियान शुरू हुआ है। इस मौके पर डॉ. सुधाकर श्रीवास्तव, डॉ. सत्यपाल चैबे, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. शावक सिंह, एनएम अर्चना दुबे, आंगनबाड़ी कार्यकत्री कलावती, पवन मिश्रा आदि रहे।

## बाघराय थाना पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप पत्रकार ने डीएम-एसपी से लगाई गुहार

**कुंडा।** जनहित के मुद्दे को उठाना पत्रकार आशीष पाण्डेय को महंगा पड़ गया। थाना बाघराय क्षेत्र के ग्राम शुकुलपुर पचैंया निवासी पत्रकार ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि चकमार्ग अतिक्रमण के मामले में पीड़ित पक्ष पर ही झूठी कार्रवाई कर दी गई, जबकि वास्तविक आरोपी को विभागीय पद का हवाला देकर बचाया जा रहा है। आशीष पाण्डेय के अनुसार ग्राम के गाटा संख्या 1380 पर स्थित सार्वजनिक चकमार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर उन्होंने एवं उनके दिव्यांग मित्र ने प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार लिखित रूप से अवगत कराया। उनका उद्देश्य केवल सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराना था। लेकिन कार्रवाई करने के स्थान पर बाघराय पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126৳135 के अंतर्गत पत्रकार एवं उनके परिजनों के विरुद्ध ही शांति भंग की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी। पत्रकार ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि इस कार्रवाई में उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही गांव के तीन ऐसे लोगों को भी नामजद किया गया है जिनका इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं दूसरी ओर पूरे प्रकरण का मुख्य विपक्षी रविंद्र कुमार शुक्ला पुलिस की कार्रवाई से पूरी तरह बाहर है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि रविंद्र कुमार शुक्ला पी.आर.डी. के पद पर तैनात हैं, जिसके चलते थाना बाघराय द्वारा उन्हें खुला संरक्षण दिया जा रहा है। गंभीर आरोप लगाते हुए आशीष पाण्डेय ने कहा कि रविंद्र कुमार शुक्ला दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और उन्होंने चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। इसके बावजूद हल्का इंचार्ज द्वारा स्थल का निरीक्षण तक नहीं किया गया। आरोप है कि केवल विभागीय कर्मचारी होने के कारण उन्हें कार्रवाई से अलग रखा गया और पत्रकार, दिव्यांग व उनके परिवार के विरुद्ध ही कार्रवाई कर विभागीय शक्ति का दुरुपयोग किया गया। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख है कि रविंद्र कुमार शुक्ला के विरुद्ध पूर्व में युवा कल्याण विभाग द्वारा बाघराय पुलिस की मिलीभगत को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। पत्रकार ने कहा कि विभागीय पद का दुरुपयोग कर मिल रहे संरक्षण के कारण उन्हें एवं उनके परिवार को लगातार जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही थाना बाघराय द्वारा की गई एकपक्षीय कार्रवाई, अपराध को बढ़ावा देने तथा पद का दुरुपयोग करने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की प्रार्थना की है।

## अग्निवीर बनकर गांव लौटे पवन का हुआ भव्य स्वागत



**बेलखरनाथ धाम।** देश सेवा का जज्बा लेकर अग्निवीर बने पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी डडवा गांव के लाल पवन कुमार पुत्र जगन्नाथ बिंद पहली बार गांव पहुंचे तो उडैयाडीह बाजार से लेकर गांव तक उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान डीजे की धुन पर देश भक्ति का गीत और भारत माता की जय के नारों से इलाका गूंज उठा।

उडैयाडीह बाई पास चैराहे से ही पवन के स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। युवाओं ने बाइक रैली निकाली और बुजुर्गों ने फूल-मालाएं पहनाकर पवन को आशीर्वाद दिया। घर पहुंचने पर माता ने आरती उतारी और बहनों ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। पवन के पिता जगन्नाथ बिंद ने कहा, आज मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। बेटा वर्दी पहनकर लौटा है, ये मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी है। अग्निवीर बनकर उसने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर मुकाम पाया जा सकता है। पवन ने बताया कि ट्रेनिंग बहुत कठिन थी, पर देशभक्ति का जज्बा हर मुश्किल को आसान बना देता है। गांव लौटकर मिट्टी की खुशबू और मां की ममता ने सारी थकान दूर कर दी। स्वागत में गांव के विनोद कुमार तिवारी,प्रेम कुमार श्रावण कुमार मिश्र, नन्हे लाल,गोलू तिवारी, पंकज कुमार,ओम प्रकाश, सुभाष चन्द्र तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेंद्र दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** ट्रक की टक्कर से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची। तब परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के कटरा मातादीन पुरवारा निवासी रामअंजोर सिंह पुत्र गयाप्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उनकी बहू निशा (35) पत्नी जय प्रकाश सिंह रविवार को भतीजे देवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ बाइक से अपनी बहन के घर लखरांव जा रही थी। वहां से लौटते समय सुबह करीब साढ़े दस बजे चैक के समीप घुइसरनाथ रोड पर तेज गति से आ रही ट्रक ने निशा को जोरदार टक्कर मार दिया। मौके पर ही निशा की मौत हो गयी। मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। मौत की सूचना घर पहुंची तब ससुराली जन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। इधर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है ट्रक व चालक को कब्जे में लिया गया है। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया हैं।

## डीएम ने मनगढ़ धाम का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कुंडा तहसील स्थित मनगढ़ धाम का भ्रमण कर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं दर्शन पूजन भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने मनगढ़ धाम परिसर में संचालित अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकीय संसाधनों तथा मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

## जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर मां-बेटी से मारपीट

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सूड़ेमऊ गांव में जमीन पर कथित कब्जे का विरोध करना एक महिला और उसकी बेटी को भारी पड़ गया। पीड़िता ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी हौशिला देवी पत्नी जयराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी धरी (खाली) जमीन पर विपक्षी दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। रविवार सुबह करीब 9रू30 बजे जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बेटी दीपा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद घायल मां-बेटी रविवार दोपहर करीब 11 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचीं और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में हल्का दरोगा कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है तथा जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज के लिए विवाहिता से दरिंदगी : 6 माह तक बंधक बनाकर रेप का आरोप

**कुंडा।** दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज न देने पर उसे 6 महीने तक कमरे में बंधक बनाकर पीटा गया और जेठ, देवर व ससुर ने दुष्कर्म किया। पति से शिकायत करने पर उसने भी अत्याचार जारी रहने की बात कही। पीड़िता ने महेशगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

महेशगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता के अनुसार वर्ष 2022 में उसका निकाह सुल्तानपुर जनपद निवासी युवक से हुआ था। मायके वालों ने सामर्थ्य अनुसार बाइक, नकदी और सोने-चांदी के जेवर दहेज में दिए थे। पीड़िता का आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद ससुराल पक्ष ने दूरी बना ली। बाद में जब वह भाई के साथ ससुराल गई तो उसे दिल्ली ले जाया गया। वहां पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग की गई। तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया कि दहेज न देने पर उसे कमरे में बंद कर पीटा गया। इस दौरान देवर, जेठ और ससुर ने करीब छह महीने तक उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि सास भी आरोपियों का साथ देती रही। मोबाइल छीन लिया गया ताकि वह किसी से संपर्क न कर सके।पीड़िता के अनुसार जब उसने पति को पूरी घटना बताई तो उसने मदद के बजाय कहा कि दहेज का पैसा नहीं लाओगी तो तुम्हारे साथ ऐसा ही होगा। आरोप है कि उसे भोजन नहीं दिया जाता था, गालियां दी जाती थीं और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। यहां तक कहा गया कि दहेज न लाने पर उसे बेच दिया जाएगा । प्रताड़ना से तंग आकर मायके जाने की जिद पर पति उसे सुल्तानपुर बस स्टेशन पर अकेला छोड़कर चला गया। बाद में राहगीर की मदद से भाई को फोन कर वह मायके पहुंची। पीड़िता ने महेशगंज थाने में पति, ससुर, सास, जेठ और देवर के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सेतापुर हत्याकांड का खुलासा, नामजद महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सेतापुर गांव में हुए चर्चित रामआसरे गौतम हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए नामजद महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर रामआसरे गौतम और उनके परिजनों को घायल किया गया था, जिसमें इलाज के दौरान रामआसरे की मौत हो गई थी।मामले में आसपुर देवसरा थाने में मुकदमा संख्या 42৳26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार और क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी राकेश चैरसिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जावेद अहमद खान और पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सेतापुर मोड़ से पट्टी जाने वाले मार्ग के पास से नामजद अभियुक्ता शान्ता देवी पत्नी रामदौर निवासी सेतापुर थाना आसपुर देवसरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसका नाम हत्या के मुकदमे में दर्ज था और वह




छिपकर रह रही थी। पुलिस के अनुसार वह कहीं रिश्तेदारी में जाने की तैयारी में थी, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जावेद अहमद खान, कांस्टेबल वीरेन्द्र यादव, कांस्टेबल कैलाश यादव, रिजर्व आरक्षी शिवम यादव, महिला आरक्षी ममता कुमारी, सुमन सिंह, प्रियंका प्रजापति और चालक कांस्टेबल सुनील सिंह शामिल रहे।

## बीमारी के चलते युवा व्यापारी की मौत, बाजार में शोक

**लालगंज।** स्थानीय बाजार खास निवासी युवा व्यवसायी संतोष कौशल गोलू (45) का बीमारी के चलते रविवार को रायबरेली के एम्स में मौत हो गयी। युवा व्यापारी की मौत की खबर मिलते ही बाजार में शोक छा गया। गोलू वरिष्ठ व्यापारी जगदीश कौशल के छोटे भाई भी थे। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद आशीष कौशल, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, डा. ओमप्रकाश जायसवाल, अंजनी कौशल, जयकौशल, ओंकारनाथ वैश्य, श्यामजी संवरिया, आशू कौशल, डा. रमाशंकर शुक्ल, धीरेन्द्रमणि शुक्ला आदि ने गोलू के निधन पर संवेदना प्रकट की है।

## अवैध शराब बरामद, दो थानों में अलग अलग मुकदमा



**प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी कर आरोपियों के पास से बीस लीटर अवैध शराब तथा दो कुंटल लहन बरामद की गयी है। सांगीपुर थाना के तारापुर व भगतपुर तथा लालगंज के सरैंया गांव में आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी में बरामद हुयी लहन को मौके पर ही प्रवर्तन टीम ने नष्ट कराया। वहीं तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लालगंज एवं सांगीपुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

## चार दिन से अंधेरे में शुकुलपुर पचैंया, 25 केवी ट्रांसफार्मर की मांग

**कुंडा।** विकास खण्ड विहार के ग्राम सभा रोर अंतर्गत शुकुलपुर पचैंया गांव पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण अंधेरे में डूबा हुआ है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न होने से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।बिजली संकट के कारण गांव में पेयजल की समस्या गहरा गई है। इसके साथ ही बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों और मरीजों की दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गर्मी के मौसम में अनावश्यक बिजली कटौती न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, बावजूद इसके गांव के लोग लगातार चार दिनों से अंधकार में जीवन बिताने को मजबूर हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार गांव में लगभग 40 घरेलू बिजली कनेक्शन और कई कृषि मोटर कनेक्शन हैं। लेकिन पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति केवल 10 केवी क्षमता के एक ट्रांसफार्मर पर निर्भर है। बढ़ते विद्युत भार के कारण ट्रांसफार्मर पर लगातार ओवरलोड की स्थिति बनी रहती है, जिसके चलते बिजली व्यवस्था बार-बार बाधित हो रही है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि मौजूदा 10 केवी ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह 25 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुचारु हो सके और लोगों को राहत मिल सके।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई और ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई, तो वे बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।अब देखना यह है कि प्रशासन और बिजली विभाग इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक करता है।

# प्रेम विवाह करने वाली बालिका की संदिग्ध दशा में मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** महेवा घाट थाना क्षेत्र की एक बालिका ने लगभग दो वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था प्रेम विवाह के बाद बालिका अपने पति के साथ मायके में रहती थी बालिका के ससुराल के लोग इस प्रेम विवाह से नाराज थे अपने पति के साथ शुक्रवार को बालिका ससुराल पहुंची लेकिन 40 घंटे के अंदर बालिका की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है आशंका जताई जाती है कि बालिका की हत्या कर दी गई है सूचना पर पहुंची कौशांबी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुटी हुई है घटना कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बड़ा गढ़वा गांव की है

जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के घोघपुरवा गांव की काजल निषाद ने लगभग दो वर्ष पहले कौशांबी थाना क्षेत्र के बड़ा

## एक बार फिर प्रेम विवाह का दुखद अंत हो गया है



गढ़वा गांव निवासी रिंगा निषाद से प्रेम विवाह किया था लेकिन इस प्रेम विवाह से बालिका के ससुराल के लोग नाराज थे जिससे बालिका अपने पति के साथ मायके में रहती थी शुक्रवार को बालिका के पति रिंगा और बालिका काजल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इससे नाराज होकर काजल और रिंगा के गढ़वा गांव आ गए। रविवार की दोपहर खपरैल की धन्नी में फंदे पर काजल की लाश मिली है आशंका जताई जाती है कि बालिका की हत्या कर लाश लटकाई गई है झूल गई। पति रिंगा की मां घर पर मौजूद थी शोरगुल सुनकर मुहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुटी हुई हैघटना के सम्बन्ध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे। काजल के परिजन जो भी तहरीर देंगे।उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी लेकिन एक बार फिर प्रेम विवाह का दुखद अंत हो गया है

## कब्र खोदे जाने के बाद नहीं मिली विवाहिता की लाश

### लगभग 3 महीने पहले विवाहिता की हत्या कर लाश गायब करने का लगा था आरोप



**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के असवा गांव की विवाहिता सुमिला देवी उम्र 26 वर्ष की 04 अप्रैल 2026 को हत्या कर लाश को गायब करने का लगातार ससुराल के लोगों पर आरोप था तमाम प्रयास के बाद 28 जून 2026 को जिलाधिकारी के आदेश के बाद कोखराज पुलिस ने गंगा नदी के किनारे संदीपन घाट पर कब्र खोलकर विवाहिता की लाश निकालने का प्रयास किया लेकिन कब खोदने के बाद कब्र से विवाहिता की लाश गायब थी घटना को लगभग 3 महीने बीत गए हैं लेकिन अभी तक मामले में पुलिस ने मुकदमा नही दर्ज किया है विवाहिता की मौत पर ससुराल के लोग तमाम तरह के बहाने बाजी बता रहे हैं बताया जाता है कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बरइसा गांव के रमेश चंद्र की पुत्री सुमिला देवी की शादी 12 मई 2021 को असावा गांव के लाल बहादुर के साथ हुई थी लेकिन दहेज की डिमांड को लेकर विवाहिता को परेशान किया जाता रहा जिससे पीड़ित हो कर दो वर्ष तक विवाहिता मायके में रही और जब ससुराल पहुंची तो संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई ससुराल के लोग तमाम तरह के बहाने बाजी बता कर मामले में लगभग 3 महीने से पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं कब्र से विवाहिता की लाश ना मिलने के बाद विवाहिता की मौत पर तमाम सवाल उठना शुरू हो गया है

# डयूटी से लौट रहे बाइक सवार होमगार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत

**होमगार्ड को टक्कर मारने के बाद वाहन समेत वाहन चालक हुआ फरार जिसकी पुलिस कर रही तलाश**





अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात ड्यूटी से वापस घर लौट रहे बाइक सवार होमगार्ड को तेजगति वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक समेत होमगार्ड सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस वा एम्बुलेंस को दी गई दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया,घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल होमगार्ड को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भती कराया,जहां रविवार की दोपहर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा कोरियो गांव निवासी फूलचंद पाल कड़ा धाम कोतवाली की अलीपुर जीता पुलिस चौकी में होम गार्ड के पद पर तैनात था।फूलचंद पाल शनिवार देर रात अपनी ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहा था रात लगभग 11 बजे कोरियो नहर के पास तेजगति अनियंत्रित वाहन ने होमगार्ड की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक समेत होमगार्ड सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल होमगार्ड फूलचंद पाल को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। रविवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुटी हुई है दुर्घटना के बाद वाहन समेत वाहन चालक फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है

## बसवारी गांव के विकास कार्यों में बड़ी धांधली

**कौशांबी** कड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत में विकास योजनाओं में बड़ी धांधली उजागर हो रही है ग्राम पंचायत सचिव से लेकर ग्राम प्रधान विकास की रकम में हेरा फेरी करने में शामिल बताए जाते हैं खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत इन भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने के बजाय इन्हें बढ़ावा देते देखे जा रहे हैं जिससे विकास योजनाएं जमीनी हकीकत पर नहीं दिखाई पड़ रही है कड़ा ब्लॉक अंतर्गत बसवारी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर गंभीर अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए गए कई विकास कार्यों में मानकों की अनदेखी की गई है और सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि इंटरलॉकिंग सड़क,नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। आरोप है कि कई कार्य अधूरे हैं,जबकि सरकारी अभिलेखों में उन्हें पूर्ण दिखाया गया है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है और निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और सरकारी धन की अनियमितताओं करने वाले दोषी पर मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है

## दुकान बंदकर कर घर जा रहे सर्राफा दुकानदार से असलहा के बल पर लूट

### दो किलो चांदी,40 ग्राम सोना वा नगदी लूट ले गए बदमाश



**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की रात दुकान बंद कर वापस घर जा रहे सर्राफा दुकानदार के साथ बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया है। बदमाश दुकानदार से 10000 नगद 2 किलो चांदी और 40 ग्राम सोने का आभूषण लूटकर फरार हो गए घटना की जानकारी पीड़ित दुकानदार ने मोबाइल के माध्यम से पुलिस को दी,सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भड़ेसर गांव के रहने वाले पूर्व बीएसएफ सैनिक गणेश प्रसाद सोनी पुत्र स्वगीय गोपी चंद्र सोनी की समदा में सर्राफा की दुकान है।शनिवार की रात वह दुकान बंद करके वापस अपने घर जा रहे थे,जैसे ही वह बाइक से बराईन का पूरा सोखना तालाब के पास पहुंचे भड़ेसर रोड के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनको रोक लिया। दुकानदार ने बताया कि दो लोग बाइक से उतर कर और अवैध तमंचा दिखा कर गोली मारने की धमकी देते हुए बैग में रखी 2 किलो चांदी की ज्वैलरी , 40 ग्राम सोने की ज्वैलरी व 10000 हजार नगद लूट लिया और वही लूट कर बदमाश मार पीट किए और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए घटना के बाद पीड़ित ने मोबाइल के माध्यम से पुलिस को सूचना दी,मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस तहरीर लेकर जांच पड़ताल में जुट गई पूरे मामले मे सीओ मंझनपुर शिवांक सिंह का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।आसपास के सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बदमाशों का पता लगाया जा रहा है जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

## नियम विरुद्ध सराय अकिल क्षेत्र में करोड़ों का हुआ बालू भंडारण

**92 लाख की राजस्व की चोरी की जल्द खुलेगा पोल कौन कौन था शामिल, नियमों की अनदेखी से बढ़ा हादसों का खतरा होगी**

**कौशाम्बी** सराय अकिल थाना क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर बालू भंडारण किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पुरखास से लेकर कटैया तक कई स्थानों पर सड़क किनारे और आबादी के समीप बड़े-बड़े बालू के ढेर लगे होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण बालू कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे किए जा रहे बालू भंडारण से मार्ग पर बालू फैल गई है,जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों का यह भी कहना है कि पूर्व में अवैध भंडारण के दौरान दो मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में रात-दिन यमुना घाटों से बालू का अवैध खनन और भंडारण जारी है। ऐसे में प्रशासन को मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए,ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके नियम के जानकार लोगों का मानना है कि खनन एवं भंडारण से जुड़े नियमों के अनुसार बालू का भंडारण केवल प्रशासन से निर्धारित स्थल और अनुमति प्राप्त करने के बाद ही किया जा सकता है भंडारण स्थल आबादी,स्कूल,अस्पताल और मुख्य मार्ग से सुरक्षित दूरी पर होना चाहिए। इसके अलावा भंडारित सामग्री से आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए तथा पर्यावरणीय मानकों का पालन करना भी अनिवार्य है। बिना अनुमति अथवा मानकों के विपरीत किया गया भंडारण अवैध की श्रेणी में आता है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है लेकिन बालू माफियाओं के बढ़ते वर्चस्व के आगे अवैध बालू भण्डारण पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है

# शराब माफियाओं के साथ लुका छुपी का खेल खेल रहे आबकारी अधिकारी

अखंड भारत संदेश

### अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची आबकारी टीम के हाथ खाली






**कौशाम्बी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के तराई इलाकों में अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर छापेमारी करने आबकारी व पुलिस टीम पहुंची लेकिन आबकारी और पुलिस के हाथ खाली रह गए हैं शराब माफियाओं के साथ आबकारी अधिकारी लुका छुपी का खेल खेल रहे हैं जिससे अवैध शराब की भट्टी नहीं बंद हो रही है शनिवार को आबकारी विभाग की टीम गांव-गांव घूमकर स्थानीय लोगों से पूछताछ में जुटी हुई थी लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली सघन चेकिंग और बड़ी छापेमारी के बाद भी आबकारी टीम के हाथ अब तक खाली रह गए हैं जबकि इलाके के दजर्नों गांव में खुलेआम सैकड़ों अवैध तरीके से शराब की भट्टियां धधक रही है जो जन-जन की जुबान में है आखिर विभाग का विभीषण कौन है जिसने छापा मार टीम के पहुंचने के पहले गोपनीयता भंग कर दी है बताया जाता है कि आबकारी विभाग से लेकर थाना पुलिस के सिपाही अवैध शराब भट्ठियों से प्रत्येक महीने मोटी रकम वसूल रहे हैं बताया जाता है थाना सिपाही के पास भी अवैध शराब भट्ठियों की सूची है प्रत्येक शराब भट्ठी संचालक से 3000 महीने की वसूली होती है वही आबकारी विभाग के सिपाही के पास भी शराब भट्ठियों की सूची है प्रत्येक शराब भट्ठी की सूची लेकर संचालकों से 2000 महीने की वसूली आबकारी विभाग का सिपाही कर रहा है तराई के इलाकों में धड़ल्ले से अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां बीते कई वर्षों से धधक रही हैं आबकारी और पुलिस टीम की कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गई है तमाम शिकायतों के बाद छापामार को पहुंची टीम के कारनामों पर सवाल खड़े हैं धरातल पर कार्यवाही का नतीजा सिफर रहा खुलेआम चल रहे इस अवैध काले कारोबार पर अब तक प्रशासन क्यों मौन था यदि संपूर्ण प्रकरण की अफसरों ने सूक्ष्म जांच कराई को आबकारी विभाग के अधिकारी और थाना पुलिस के बड़े काले कारनामे का खुलासा होगा

# एसडीएम को गुमराह कर फैसला पलटने की ताकत रखते हैं पेशकार वा लेखपाल

अखंड भारत संदेश

**पत्रपाली पर उपलब्ध साक्ष्य की अनदेखी कर फैसला देने वाले मजिस्ट्रेट की तय हो जवाब देही**

**जीपीएस फोटो बार-बार उजागर कर रही जिम्मेदारों की करतूत**

**कौशांबी** राजस्व से जुड़े मामलों के मुकदमे की सुनवाई के दौरान मुकदमे के फैसले को पलटने की ताकत मजिस्ट्रेट का पेशकार और लेखपाल रखते हैं जिससे राजस्व के मामले में जमीन के विवाद में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता है और मन माफिक तरीके से मजिस्ट्रेट की अदालत से फैसला करवाने में शातिर लोग सफल होते जा रहे हैं जिससे दिनों दिन विवाद बढ़ रहे हैं राजस्व के मामले में मजिस्ट्रेट की अदालत से निष्पक्ष फैसला न मिलने के बाद जमीन के विवाद को लेकर लोगों के बीच दुश्मनी बढ़ती है और खूनी संघर्ष होता है यदि खूनी संघर्ष और विवाद पर रोक लगाना है तो मजिस्ट्रेट के फैसलों पर भी निगाह लगानी होगी और गलत तरीके से फैसला देने वाले मजिस्ट्रेट पर कार्यवाही करते हुए उनकी जवाब देही तय करनी होगी ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के परगना अथर्वन के ग्राम सभा देवरी के घनश्याम और बजरंग पुत्र भोलाराम का सामने आया है उनकी जमीन पर गलत तरीके से नींव खोद कर खंभे खड़े किए जा रहे थे जिस पर उप जिला अधिकारी मंझनपुर की अदालत में मुकदमा वाद संख्या 53 21 सन 2026 घनश्याम आदि बनाम गणपत आदि दाखिल हुआ जिसमें मौके की जमीन की स्थिति का गूगल से जीपीएस फोटो भी लगाई गई जिसमें मौके पर खंभे खड़े हुए हैं इस जमीन पर कोई भी भवन का निर्माण नहीं हुआ था मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने 1 जून 2026 को वादी पक्ष का स्थगन अस्थाई निषेधाज्ञा विषयक अनुरोध स्वीकार किया है और उभय पक्ष को अग्रिम आदेशों तक मौके पर नवैयत परिवर्तन न करने के निर्देश दिए गए हैं इसी संबंध में तहसीलदार मंझनपुर से गाटे के पक्षों के अंश का मौके की वस्तु स्थिति की आख्या तलब की गई इसके बाद का भी लगातार जीपीएस फोटो वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मौके पर भवन का निर्माण नहीं हुआ है लेकिन उसके बाद तहसीलदार ने लेखपाल से जांच कराई और लेखपाल ने मौके की रिपोर्ट पर आबादी लिखकर उप जिला अधिकारी की अदालत को भेज दिया इसके बाद स्थगन आदेश भी वापस ले लिया गया और उसके बाद मुकदमे को खारिज कर दिया गया है लेखपाल की रिपोर्ट देने तक मौके पर भवन का निर्माण नहीं हुआ था लेकिन लेखपाल ने गलत तरीके से भवन निर्माण की रिपोर्ट लगाकर मुकदमा खारिज कराने में अहम भूमिका निभाई है लेखपाल के कारनामों को मौके की जीपीएस फोटो उजागर कर रही है लेखपाल की रिपोर्ट पर मुकदमा खारिज कर दिया गया है इस मुकदमे में सबसे अहम बात यह है कि 25 जून 2026 तक अदालत में पत्रावली पर कोई आदेश नहीं दिया था जिसका जीपीएस फोटो भी वायरल है लेकिन उसके बाद 20 जून के आदेश पर मुकदमे का स्थगन निरस्त करने का आदेश पारित हो गया सवाल उठता है कि बैक डेट पर भी क्या अदालत में आदेश होने लगे हैं अदालत से मुकदमा निरस्त होने के बाद दूसरे पक्ष के लोग मौके पर अब बलपूर्वक निर्माण कर रहे हैं जिसका फिर जीपीएस फोटो वायरल हो रहा है इस मामले में लेखपाल और मजिस्ट्रेट के अदालत के पेशकार पर लाखों रुपए लेकर मुकदमा खारिज कराए जाने का आरोप है अब सवाल उठता है कि यदि मुकदमे में इसी तरह से लापरवाही होती रही झूठी रिपोर्ट अदालत को दी जाती रही तो मौके पर तनाव बढ़ेगा न्या न मिलने से विवाद बढ़ेगा खूनी संघर्ष की संभावना बढ़ेगी उसकी जवाब देही किसकी होगी अदालत में गलत तरीके से फैसला देने वाले मजिस्ट्रेट की भी जवाब देही तय करने की मांग आम जनता ने शासन प्रशासन से की है यदि इस मुकदमे की समीक्षा शासन प्रशासन ने की तो मुकदमे के फैसले में हेरा फेरी के बड़े कारनामे उजागर होंगे

## पल्स पोलियो अभियान की प्रा0 विद्यालय जलालपुर बोरियों के प्रधानाचार्य लगा रहे है पलीता

**हररायपुर कौशांबी** मूरतगंज ब्लाक अंतर्गत जलालपुर बोरियों में रविवार सुबह 8:00 बजे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियो का प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाना था जब आंगनबाड़ी मौके पर पहुंची तो देखा कि विद्यालय का ताला बंद है और आंगनबड़ी प्रभारी लीलावती, कुसुम देवी,शिवकुमारी मजबूरन जमीन पर बैठकर पल्स पोलीओ कैंप लगाया जिससे आम लोगों तक पहुंचाने का काम किया जबकि पूर्व में मूरतगंज ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय कमर्चारी व स्वास्थ्य विभाग कमर्चारी व मूरतगंज ब्लॉक के कमर्चारी की बैठक में यह बताया गया था कि पल्स पोलियो का आयोजन विभिन्न स्कूलों में कैंप लगाकर किया जाएगा और उस मीटिंग के निर्देशों को अवहेलना करते हुए प्रधानाध्यापक ना ही पल्स पोलियो कैंप में पहुंची और ना ही प्राथमिक विद्यालय का गेट खुलवाया जिससे ग्रामीणों में प्रधानाध्यापक के प्रति आक्रोश व्याप्त है

# न्यूज झरोखा

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दो बूंद



**कौशांबी।** जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेंद्र कुमार फौजी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया अभियान के दौरान दीपक, लक्ष्मी, रश्मि, मानसी शिक्षा, रानी, परी, सृष्टि, आरफिया वेदांत, अनुपाल, मान्य एवं परेश सहित अन्य बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, क्योंकि यही पोलियो से स्थायी सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. हिंद प्रकाश मणि ने कहा कि जनपद को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर डॉ. नीरज कुमार तथा ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अवनीश कुमार मिश्रा,आरआरटी गौरव पाण्डेय, जेएसआई प्रतिनिधि मनोज तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कमर्चारी, आशा,एएनएम,आंगनबाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## एयरफोर्स के गुलशन व उनकी टीम ने दीपमाला जन सेवा संस्थान में वितरित किए राशन और फल



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ स्थित दीपमाला जन सेवा संस्थान में एयरफोर्स के गुलशन एवं उनकी टीम ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए दिव्यांग एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच राशन सामग्री और फल वितरित किए।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आवश्यक खाद्य सामग्री एवं ताजे फल दिए गए गुलशन ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया।संस्थान के अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने गुलशन और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से बच्चों के चेहरों पर खुशी आई है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की।कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिकारी,कमर्चारी बच्चे तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने एयरफोर्स के गुलशन और उनकी टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

## भरवारी में अखंड रामायण एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम मे उपस्थित हुए पूर्व सांसद



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा नया बाजार स्थित बिंदा मील में पूर्व सभासद प्रेम नारायण उर्फ कलेक्टर के यहां अखंड रामायण पाठ एवं हवन गृह प्रवेश के मौके पर प्रीति भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और भगवान का प्रसाद ग्रहण किया नया घर बनाने के मौके पर प्रेम नारायण कलेक्टर को पूर्व सांसद ने आशीर्वाद दिया इस मौके पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार बहादुर सरोज नरेंद्र कुमार प्रेम नारायण केशरवानी पत्रकार राजू सक्सेना घर परिवार सहित गणमान्य लोगो के अलावा सैकड़ो लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया

## भरवारी पावर हाउस से 3 दिन विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र में तीन दिन लगातार विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी विभाग के अधिकारियों ने आम जनता से समय के पूर्व अपने काम निपटाने की अपील की है भरवारी पावर हाउस से सम्बंधित क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 33 केवी भरवारी विद्युत लाइन पर आवश्यक सुदृढ़ीकरण/निर्माण एवं तकनीकी कार्य प्रस्तावित है। उक्त कार्य को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाने हेतु विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रखना आवश्यक है।इसके लिए भरवारी विद्युत उपकेंद्र से पोषित समस्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 29.06.2026 से 01.07.2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।कार्य पूर्ण होने के उपरांत विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र सामान्य कर दी जाएगी। आवश्यकतानुसार कार्य की प्रगति एवं तकनीकी परिस्थितियों के आधार पर विद्युत अवरोध की अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है।बिजली विभाग के अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि उक्त अवधि में आवश्यक विद्युत कार्यों की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित कर विभाग को सहयोग प्रदान करें।

## अझुवा में अकीदत और गम के माहौल में निकला मोहर्रम का जुलूस, या हुसैन' की सदाओं से गूंजा नगर



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में मोहर्रम का पर्व रविवार को पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और अनुशासन के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और कबर्ला में शहीद हुए उनके 72 साथियों की याद में ताजिया का भव्य जुलूस निकाला। नगर में जगह-जगह गम, श्रद्धा और इंसानियत का संदेश देते इस जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े।इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम की 10वीं तारीख को निकाले गए जुलूस में बांस,रंग-बिरंगे कागज, फूलों और आकर्षक सजावट से तैयार किए गए ताजिया लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। ताजियों की खूबसूरती और पारंपरिक सजावट ने पूरे नगर का माहौल आध्यात्मिक बना दिया।जुलूस की शुरुआत वार्ड नंबर-10 स्थित हुसैनी चौक से हुई। इसके बाद ताजिया सब्जी मंडी, टेंडरी मोहल्ला, मस्जिद गली और पुलिस चौकी मार्ग से होकर पुनः टेंडरी मोहल्ला पहुंचा। पूरे रास्ते अकीदतमंद नौहा पढ़ते, मातम करते और या हुसैन के नारे लगाते हुए इमाम हुसैन की शहादत को याद करते रहे। मोहर्रम के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर लंगर की व्यवस्था की गई थी। जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों को श्रद्धापूर्वक शरबत एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। मोहम्मद मोबीन,मोहम्मद सरवर,फैसल हसन,अशी अहमद, मोहम्मद सफी, मोहम्मद सरफराज राहत सहित अनेक समाजसेवियों और अकीदतमंदों ने लंगर सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।टेंडरी मोहल्ला पहुंचने पर परंपरा के अनुसार अलाव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। तमाम उत्साही युवकों ने खेल का प्रदर्शन किया।ताजिया को पूरे सम्मान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ कबर्ला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी को याद करते हुए उनके बताए सत्य, न्याय, त्याग और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मुस्लिम समुदाय मोहर्रम के शुरुआती दस दिनों तक शोक मनाते हुए उपवास,नमाज,इबादत और जुलूस के माध्यम से कबर्ला की महान कुर्बानी को याद करता है।कार्यक्रम में मोहम्मद उबेद, इरफान सहित अनेक सम्मानित जन ,मुस्लिम धमर्गुरु एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं पूरे जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अझुवा चौकी प्रभारी अनुराग सिंह अपने हमराहियों के साथ पूरे मार्ग पर मुस्तैद रहे और शांतिपूर्ण एवं सकुशल आयोजन सुनिश्चित कराया।

# भागवत कथा में नृत्य के बाद पति ने पत्नी और दो मासूम बेटों की हत्या की, खुद भी ट्रेन से कटकर दी जान

## मुरैना के किशनपुर गांव की सनसनीखेज घटना, पुलिस कर रही पूरे घटनाक्रम की जांच

अखंड भारत संदेश

**मुरैना।** जिले के किशनपुर गांव में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भागवत कथा के दौरान नृत्य करने के बाद पति ने अपनी पत्नी और दो मासूम बेटों की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी पति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, गांव में भागवत कथा का आयोजन चल रहा था, जहां कथा से पहले और बाद में महिलाएं भजन-कीर्तन के साथ नृत्य भी कर रही थीं। इसी दौरान गांव निवासी रविता कुशवाह (32) ने भी घूंघट में पारंपरिक अंदाज में नृत्य प्रस्तुत किया। वहां मौजूद महिलाओं ने उनकी प्रस्तुति की सराहना करते हुए तालियां बजाईं। बताया जा रहा है कि रात में घर लौटने के बाद किसी बात को लेकर पति बलराम कुशवाह का पत्नी से विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में उसने कुल्हाड़ी से पत्नी रविता की हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने दो मासूम बेटों आरव (8 वर्ष) और देवू (5 वर्ष) पर भी हमला कर उनकी जान ले ली। परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने के बाद आरोपी बलराम कुशवाह घर से निकल गया और ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि भागवत कथा में रविता के नृत्य को लेकर गांव में तरह-तरह की बातें की जा रही थीं। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। एक पल में हंसता-खेलता परिवार खत्म हो जाने से ग्रामीण स्तब्ध हैं।



### सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, 31 हजार नकद व चांदी के जेवर ले उड़े

**शिवपुरी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हनुमान कॉलोनी में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, चांदी के जेवर और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में 10 से 12 संदिग्ध कॉलोनी में घूमते और आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हनुमान कॉलोनी निवासी मस्तराम वर्मा 26 जून को अपने परिवार के साथ पैतृक गांव सेगाड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। शनिवार देर रात करीब 3 बजे पड़ोसी दीपक धाकड़ ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मस्तराम वर्मा रविवार तड़के शिवपुरी पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट, कमरों और अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे तथा घर का सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर दो अलमारियों से 27 हजार रुपये नकद और एक बैग में रखे 4 हजार रुपये गायब मिले। इसके अलावा चोर उनके भाई आकाश धाकड़ की सिद्धिविनायक हॉस्पिटल की ड्रेस, आईडी कार्ड, एक जोड़ी चांदी की बिछिया और एक जोड़ी चांदी की पायल भी चुरा ले गए। घटना के बाद पीड़ित ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में रात करीब 2:16 बजे से 2:50 बजे के बीच 10 से 12 संदिग्ध कॉलोनी में घूमते हुए नजर आए। इसी दौरान कॉलोनी के एक युवक ने उन पर पत्थर फेंककर भगाने का प्रयास भी किया। दूसरी ओर से भी पत्थर फेंके गए, लेकिन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

## भाकियू (टिकैत गुट) में असंतोष गहराया 200 से अधिक पदाधिकारियों व करीब 5000 सदस्यों के इस्तीफे का दावा

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** जनपद में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के भीतर संगठनात्मक असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। संगठन से जुड़े 200 से अधिक पदाधिकारियों तथा लगभग 5000 सदस्यों द्वारा इस्तीफा देने का दावा किया गया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक संगठन के जिला या प्रदेश स्तर के किसी जिम्मेदार पदाधिकारी की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, संगठन के कुछ पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खागा तहसील अध्यक्ष धर्म सिंह चौहान पर कथित तौर पर दलाली, ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार, घूसखोरी, जमीन संबंधी मामलों में हस्तक्षेप तथा काम कराने के नाम पर धन उगाही जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों को लेकर संगठन के भीतर लंबे समय से नाराजगी व्याप्त बताई जा रही है। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने तहसील अध्यक्ष के कार्यों को लेकर कई बार जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि शिकायतों पर उचित कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन छोड़ने का निर्णय लिया। सूत्रों का दावा है कि इस्तीफा देने वाले अधिकांश पदाधिकारी और किसान जल्द ही किसी अन्य किसान संगठन का दामन थाम सकते हैं जिससे जिले की किसान राजनीति में नई हलचल देखने को मिल सकती है। यदि इस्तीफों की संख्या और दावे सही साबित होते हैं, तो इसे जनपद में भाकियू के लिए अब तक का सबसे बड़ा संगठनात्मक झटका माना जाएगा।

# 12वीं की छात्रा आत्महत्या मामले में चार युवक गिरफ्तार

## अश्लील फोटो वायरल करने की आशंका से थी मानसिक तनाव में

अखंड भारत संदेश

**शिवपुरी।** जिले के पिछोर कस्बे में 12वीं की छात्रा की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा मोबाइल छीनने और कथित रूप से अश्लील फोटो वायरल किए जाने की आशंका के कारण मानसिक तनाव में थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित (उकसाने) करने सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि छात्रा की मां अंगूरी बाई की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, आत्महत्या से पहले छात्रा ने फोन पर बताया था कि रामवीर लोधी, सत्यम लोधी और सतीश लोधी लाइब्रेरी पहुंचे थे, जहां उन्होंने उसका मोबाइल फोन छीन लिया, सिम कार्ड तोड़ दिया और उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि छात्रा का पिछले करीब दो माह से रामवीर लोधी के साथ मोबाइल पर संपर्क था। बाद में दोनों के बीच मोबाइल को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान अंशुल उर्फ अंश लोधी के साथ भी उसका विवाद हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे तथ्य मिले हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि छात्रा को अपने निजी फोटो वायरल किए जाने की आशंका थी। इसी डर और मानसिक दबाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। हालांकि मामले के सभी पहलुओं की जांच अभी जारी है। पुलिस ने इस प्रकरण में रामवीर लोधी (19), सत्यम लोधी (20), सतीश लोधी (22) और अंशुल उर्फ अंश लोधी (20) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर चारों आरोपियों को उप जेल पिछोर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, इंजन से पानी भरकर कर रहे धान की रोपाई

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** जिले में मानसून की सुस्त चाल किसानों के लिए चिंता का कारण बन गई है। धान की रोपाई का समय चल रहा है, लेकिन अपेक्षित बारिश न होने से खेत सूखे पड़े हैं। ऐसे में किसान मजबूरी में डीजल इंजन (पंपसेट) के सहारे खेतों में पानी भरकर धान की रोपाई कर रहे हैं। इससे खेती की लागत में काफी वृद्धि हो रही है और किसानों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश किसानों ने धान की नसरी पहले ही तैयार कर ली थी और समय पर रोपाई की उम्मीद थी, लेकिन मानसून की बेरुखी ने उनकी योजनाओं पर पानी फेर दिया। कई गांवों में खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण रोपाई का कार्य प्रभावित हुआ है। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वे इंजन चलाकर खेतों में पानी भर रहे हैं, जबकि छोटे और सीमांत किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या सिंचाई के खर्च की है।किसानों का कहना है कि डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण इंजन चलाना काफी महंगा पड़ रहा है। एक-एक बीघा खेत में पानी भरने के लिए कई घंटे तक इंजन चलाना पड़ता है, जिससे डीजल की खपत बढ़ रही है। इसके अलावा इंजन किराये पर लेने वाले किसानों को अतिरिक्त भुगतान भी करना पड़ रहा है। इससे खेती की लागत बढ़ने के साथ मुनाफा कम होने की चिंता भी सताने लगी है।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि धान की फसल के लिए शुरुआती समय में पर्याप्त नमी और पानी आवश्यक होता है। यदि समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल की बढ़वार प्रभावित हो सकती है, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ने की संभावना है। हालांकि जिन क्षेत्रों में सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, वहां किसान किसी तरह रोपाई पूरी करने में जुटे हुए हैं।फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में मानसून सक्रिय हो गया तो खेती की लागत कम होगी और फसल को भी भरपूर लाभ मिलेगा। वहीं लगातार बारिश में देरी होने पर खरीफ की खेती पर व्यापक असर पड़ सकता है।



## मेले में मारपीट के आरोप में मेला ठेकेदार गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**शिवपुरी/श्योपुर।** श्योपुर में आयोजित मेले के दौरान हुई मारपीट के मामले में मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। घटना के बाद मेले की सुरक्षा व्यवस्था और ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, श्योपुर मेले में तीन दिन पहले एक जाट परिवार की महिला झूला झूलते समय अस्वस्थ हो गई। परिजनों ने झूला संचालक से झूला रोकने की मांग की, लेकिन कथित तौर पर झूला तत्काल नहीं रोका गया, जिससे महिला की तबीयत और बिगड़ गई। आरोप है कि झूला रुकने के बाद महिला के परिजनों ने झूला संचालक से नाराजगी जताई। इसी दौरान मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे मौके पर पहुंचा और विवाद बढ़ गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस दौरान मारपीट की गई। बाद में दोनों पक्षों के बीच विवाद और बढ़ गया तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व शिवपुरी के सिद्धेश्वर मेले में भी एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। आरोप था कि मेले में विवाद के दौरान एक युवक के साथ मारपीट की गई तथा महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार हुआ। हालांकि उस मामले में पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई की गई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे का नाम पूर्व में भी मेलों के संचालन के दौरान हुए विवादों में सामने आ चुका है। हालांकि इन मामलों में पुलिस और प्रशासन द्वारा समय-समय पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। फिलहाल श्योपुर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई विवेचना के आधार पर की जाएगी।

**शिवपुरी के सिद्धेश्वर मेले में भी मारपीट का आरोप, श्योपुर की घटना के बाद दर्ज हुई एफआईआर**



### फजी दस्तावेज बनाकर जमीन का बैनामा कराने वाला वांछित गिरफ्तार

**फतेहपुर।** थाना खागा पुलिस ने धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेजों से जमीन का फजी बैनामा कराने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 27 जून को पुलिस टीम ने वांछित रवि कुमार पुत्र कंचनलाल निवासी शिशु मंदिर कॉलोनी भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को आरटीओ ऑफिस के पास, ग्राम कोर्रई, थाना मंझनपुर से गिरफ्तार किया। उसे 28 जून को न्यायालय में पेश किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने साथियों के साथ मिलकर कस्बा खागा स्थित वादी योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी की भूमि के फजी कागजात तैयार कराए। साथी हीरालाल को वादी बनाकर जमीन का बैनामा संजय कुमार के नाम कराया। 25 दिन बाद वही जमीन संजय कुमार से अपने नाम करा ली। गौरतलब है कि इस केस में 4 अप्रैल को पुलिस दो अभियुक्त संजय कुमार और हीरालाल निवासी ग्राम रामचौरा भरवारी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव व उपनिरीक्षक प्रमेश यादव शामिल रहे।

# शिवपुरी में मानसून की पहली बारिश बनी आफत, आंधी से पेड़-खंभे गिरे, ढाबा मकान और पेट्रोल पंप क्षतिग्रस्त

## तेज हवाओं से कई इलाकों में बिजली गुल, कार और बाइक दबकर क्षतिग्रस्त; जनहानि नहीं

अखंड भारत संदेश

**शिवपुरी।** लंबे इंतजार के बाद शनिवार को जिले में मानसून ने दस्तक तो दी, लेकिन पहली ही बारिश तेज आंधी और तूफान के रूप में आफत बनकर आई। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक नुकसान हुआ। कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे धराशायी हो गए, जिससे यातायात और विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी घटना में जनहानि नहीं हुई। शहर के पोलो ग्राउंड क्षेत्र में तेज आंधी के चलते दो विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर गिर पड़े। एक पेड़ पास स्थित दुकान और उसकी बाउंड्रीवाल पर गिरने से दोनों क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि दूसरा पेड़ सड़क किनारे लगे बड़े होर्डिंग पर गिरने से वह भी धराशायी हो गया। इसी दौरान वहां खड़ी एक कार पेड़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। संयोगवश घटना के समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।





**सुभाषपुरा में ढाबा और मकान गिरे, पेट्रोल पंप को भी नुकसान :** जिले के सुभाषपुरा गांव में तेज आंधी और बारिश के कारण एक ढाबा पूरी तरह ढह गया। वहीं एक मकान भी क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़ा। पास स्थित पेट्रोल पंप को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। घटना के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया।

**मनियर में पेड़ गिरने से बाइक क्षतिग्रस्त**

मनियर क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल पर पेड़ गिर गया, जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सौभाग्य से घटना के समय वाहन के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था।

**बिजली व्यवस्था प्रभावित, मरम्मत में जुटीं टीमें :** आंधी की तेज रफ्तार के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे शहर सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। विद्युत वितरण कंपनी की टीमें तत्काल मरम्मत कार्य में जुट गईं और आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी रहे। जिला प्रशासन ने बताया कि अब तक किसी भी घटना में जनहानि की सूचना नहीं मिली है। विभिन्न स्थानों पर हुए नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े न होने तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है। मानसून की पहली बारिश ने जहां भीषण गमी और उमस से राहत दिलाई, वहीं तेज आंधी के कारण हुए नुकसान ने प्रशासन और आमजन की चिंता भी बढ़ा दी।

## न्यूज झरोखा

### सीएम की संपत्ति पर सियासत, भाजपा विधायक बोले- कांग्रेस नेताओं की भी हो जांच



**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संपत्ति को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने कांग्रेस नेताओं की संपत्ति की भी जांच कराने की मांग की है। रविवार को प्रेसवार्ता में विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी चल-अचल संपत्तियों का विवरण चुनावी हलफनामे में पहले ही सार्वजनिक कर चुके हैं। ऐसे में इस मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए उठाया जा रहा है। प्रीतम लोधी ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधियों की संपत्ति की जांच हो तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व विधायक केपी सिंह और रॉबर्ट वाड्रा सहित सभी प्रभावशाली लोगों की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष बिना ठोस आधार के मुख्यमंत्री पर सवाल उठा रहा है। जांच हो तो सभी दलों के नेताओं पर समान रूप से लागू होनी चाहिए।

### शिवपुरी में पल्स पोलियो अभियान शुरू, 2.65 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक



**शिवपुरी।** रविवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हो गई। 28 से 30 जून तक जिले के जन्म से पांच वर्ष तक के 2.65 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। अभियान के लिए जिले में 2,150 पोलियो बूथ, 56 ट्रांजिट बूथ और 40 मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्थानों पर ट्रांजिट बूथ संचालित किए जा रहे हैं, जबकि मोबाइल टीमें ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों और घुमंतू परिवारों के बच्चों तक पहुंचेंगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि कोई बच्चा पहले दिन खुराक से वंचित रह गया हो, तो 29 और 30 जून को घर-घर पहुंचने वाली टीम से उसे पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं।

### पहली ही बारिश में डूबी शिवपुरी, घरों में घुसा पानी, जल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल



**शिवपुरी।** मानसून की पहली तेज बारिश ने शनिवार रात शिवपुरी नगर पालिका की तैयारियों की हकीकत उजागर कर दी। रात करीब 9 बजे हुई मूसलाधार बारिश के चलते शहर की कई सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं, जबकि निचले इलाकों और बस्तियों में पानी घरों तक पहुंच गया। कई परिवारों को पूरी रात घरों से पानी निकालने और सामान बचाने में मशक्कत करनी पड़ी।सबसे अधिक परेशानी ग्वालियर बायपास स्थित मनीषा किराना स्टोर वाली गली में देखने को मिली, जहां जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। बारिश का पानी कई मकानों में घुस गया। स्थानीय निवासी विनोद धाकड़ के घर में भी बड़ी मात्रा में पानी भर गया, जिससे घरेलू सामान भीगकर खराब हो गया। आसपास के अन्य मकानों में भी पानी घुसने से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

### बदरवास बायपास पर चलते-चलते धधकी इको कार, पांच कारोबारी बाल-बाल बचे



**शिवपुरी।** जिले के बदरवास बायपास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर शनिवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। उज्जैन से पटना (बिहार) जा रहे पांच कारोबारियों की इको कार में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री समय रहते कार से बाहर निकल चुके थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, उज्जैन निवासी अली फरदीन खान, जकरिया शोएब अहमद कुरैशी, जुनैद वारसी, खालिद कुरैशी सहित कुल पांच कारोबारी इको कार (क्रमांक टढ09 उत्र 2006) से बिहार की राजधानी पटना जा रहे थे। शनिवार रात यात्रा के दौरान उन्होंने बदरवास बायपास पर स्थित एक चाय ढाबे के समीप वाहन रोका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही सभी यात्री टॉयलेट के लिए वाहन से नीचे उतरे, कार के निचले हिस्से से धुआं और हल्की आग निकलती दिखाई दी। यात्रियों ने स्थिति को समझने और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में वाहन आग की लपटों से घिर गया और पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोगों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बदरवास फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

### वृद्ध बेवा की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा, थाने में दी तहरीर

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र की अफोई चौकी अंतर्गत रामपुर कॉलोनी गांव में दबंगों द्वारा वृद्ध बेवा महिला की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना दिवस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी श्रीमती पत्नी स्व. रामप्रसाद ने दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बेटी के यहां गई थी। इसी दौरान 23 जून की रात में गांव के ही कृष्णवीर सिंह, अविनाश सिंह व राजन सिंह पुत्रगण शेर सिंह ने उसकी गाटा संख्या 287/4 रकबा 0.0420 हेक्टेयर भूमि पर ट्रैक्टर से रात में जुताई कर अपनी खेत में मिला लिया।पीड़िता ने बताया कि वह गरीब बेवा महिला है। दबंगों के आतंक से परेशान है। उसने थानाध्यक्ष सुल्तानपुर घोष से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई कर भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है।तहरीर 27 जून को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फतेहपुर : तीन टोल प्लाजा पर पुलिस का नाइट चेकिंग अभियान, 24 चालान, एक वाहन सीज

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में 27/28 जून की रात जनपद के तीन टोल प्लाजा पर विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बहुआ टोल प्लाजा थाना ललौली, कल्याणपुर टोल प्लाजा और कटोघन टोल प्लाजा थाना खागा पर हुई कार्रवाई में यातायात नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा गया।अभियान के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव के 14 चालान और मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के 10 चालान किए गए। ड्रंक एंड ड्राइव के एक प्रकरण में एक वाहन को सीज भी किया गया। चेकिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात एवं यातायात प्रभारी मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने चेकिंग व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फतेहपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सड़क सुरक्षा व जनहित में यातायात नियमों का पालन करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं और मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व हूटर जैसे अवैध उपकरणों का प्रयोग न करें। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# महासफाई अभियान चलाकर कामतानाथ परिक्रमा मार्ग से निकाला गया कचरा

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कर्वी और कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से रविवार को धर्मनगरी में साक्षी गोपाल मंदिर के समीप कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत नगर पालिका की टीम व कामदगिरि स्वच्छता समिति के सदस्यों ने साक्षी गोपाल मंदिर के समीप परिक्रमा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की। इस दौरान मार्ग व पर्वत पर फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया तथा परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कामदगिरि परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि भगवान राम की कर्मभूमि है। जब हम अपने घर को साफ रखते हैं, तो तीर्थ क्षेत्र को भी साफ रखें। बताया कि अभियान के दौरान परिक्रमा मार्ग से 10 बोरा कचरा निकाला गया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि दर्शन के साथ एक पॉलिथीन उठाकर डस्टबिन में अवश्य डालें, यही सच्ची भक्ति है। चित्रकूट को स्वच्छ रखना प्रत्येक सनातनी का धर्म है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के अंतर्गत नागरिकों और श्रद्धालुओं से गीले, सूखे, घरेलू स्वच्छता अपशिष्ट तथा घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को अलग-अलग करके देने की अपील की। साथ ही स्त्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण और नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संकलन व्यवस्था में भी सक्रिय सहयोग की अपील की।

अभियान के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही परिक्रमा मार्ग पर बंदरों को भोजन न देने की अपील की गई ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और मार्ग पर सुचारू आवागमन बना रहे। समिति के महामंत्री जितेंद्र केशरवानी ने बताया कि अभियान के दौरान निकाले गए कचरे में करीब 80 प्रतिशत कचरा प्लास्टिक की बोतल और पॉलिथीन का होता है। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से तीन प्रमुख मांगें की है। जिसमें परिक्रमा मार्ग पर प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, प्रत्येक 50 मीटर पर डस्टबिन की व्यवस्था करने और नियमित निगरानी की व्यवस्था करने की मांग शामिल है।

अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अखिलेश केशरवानी, वन विभाग के रसूल खान, जानकी प्रसाद, विनोद, वीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू, अंकुर केशरवानी सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मन की बात से मिला आत्मनिर्भरता, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश : कुलगुरु

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्य के 135वें एपिसोड के ऑनलाइन प्रसारण को कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओ ने सुना और देखा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देश की प्रगति, आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे विषयों पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में भारत की बढ़ती क्षमता का उल्लेख करते हुए सी-295 विमान, स्वदेशी युद्धपोतों और क्रूज मिसाइलों जैसी उपलब्धियों को देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत समुद्र से लेकर आकाश तक अपनी सामरिक क्षमता को स्वदेशी तकनीक के आधार पर सुदृढ़ बना रहा है। पीएम ने पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के संदर्भ में देशवासियों द्वारा प्रदर्शित संयम और सहयोग की सराहना करते हुए ईंधन की बचत, कार पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग तथा आवश्यकता होने पर पुराने स्वर्ण के पुनः उपयोग जैसे जिम्मेदार नागरिक व्यवहार की प्रशंसा की। उन्होंने इसे राष्ट्रहित में जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा नागरिकों से अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके अलावा अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक सोच अपनाने और विवेकपूर्ण निर्णय लेने का संदेश भी दिया। इस दौरान कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने कहा कि ह्यमन की बातह्य केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरक अभियान है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा जनभागीदारी के संदेशों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सामाजिक दायित्वों में आत्मसात करने की बात कही।

## मधुमेह पर नियंत्रण पाने में बेहद कारगर है अर्ध मत्स्येंद्रासन : योगाचार्य



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कुबेरगंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने अर्ध मत्स्येंद्रासन का अभ्यास कराते हुए बताया कि यह योगासन मधुमेह (डायबिटीज) जैसी जीवनशैली जनित बीमारी से मुक्ति पाने में सहायक है। उन्होंने मधुमेह से पीड़ित लोगों को इस योगासन की विस्तार से जानकारी देते हुए नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

योगाचार्य ने बताया कि वर्तमान समय में डायबिटीज ने बड़े पैमाने पर लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। ऐसे में अर्ध मत्स्येंद्रासन इस बीमारी पर नियंत्रण पाने में बेहद कारगर सिद्ध हो रहा है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने, पाचन क्रिया सुधारने और किडनी व अग्न्याशय (पेनक्रियाज) जैसे आंतरिक अंगों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में सहायक है। साथ ही यह पीठ दर्द से राहत दिलाने और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने में भी प्रभावी है। यह आसन पेनक्रियाज को सक्रिय कर इंसुलिन को संतुलित करता है, जिससे रक्त में अतिरिक्त शर्करा का स्तर कम होता है।

योगाचार्य ने बताया कि इस आसन को करने के लिए सबसे पहले दण्डासन में बैठते है, फिर दाएं पैर को बाएं पैर के नीचे से मोड़कर बाएं नितंब के बगल में रखते है तथा बाएं पैर को मोड़कर उसके टखने को दाएं घुटने के बगल में रखते है। इसके बाद दाएं हाथ को सीने और बाएं घुटने के बीच से ले जाते हुए बाएं पैर के अंगूठे को पकड़ते है और बाईं ओर मुड़ते हुए पीठ के पीछे देखते है। इस दौरान बाएं हाथ को कमर पर लपेटते है। श्वास सामान्य रखते हुए लगभग 30 सेकंड तक इसी मुद्रा में रहते है और फिर इसे विपरीत दिशा से दोहराते है। अंत में शिथिल दण्डासन में आकर शरीर में आए परिवर्तनों का अनुभव करें। नियमित अभ्यास के साथ धीरे-धीरे समय बढ़ाते जाएं। गंभीर स्लिप डिस्क, हर्निया, पेप्टिक अल्सर या पेट एवं रीढ़ की सर्जरी करा चुके लोगों को इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। ऐसे रोगियों को योग विशेषज्ञ की सलाह के बाद ही अभ्यास शुरू करना चाहिए।

# दिया वेलफेयर सोसाइटी ने किशोरियों के लिए आयोजित किया त्रैमासिक कैंपेन

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** दिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में बैहार और चितरा गोकुलपुर में किशोरियों के लिए त्रैमासिक कैंपेन का आयोजन किया गया। दोनों आयोजनों में अलग-अलग गांवों की लगभग 100 से 120 किशोरियों ने भाग लिया और अपने सपनों एवं अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम में किशोरियों को आपस में सीखने-सिखाने का अवसर प्रदान किया गया। जिसमें उन्होंने अपने जीवन के अनुभव, चुनौतियां और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान संस्था सचिव ममता सोनी ने किशोरियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा के क्षेत्र में किशोरियों को उच्च शिक्षा तक पहुंच बनाने में संस्था पूरा सहयोग करेगी। कार्यक्रम में आरसेटी से आए प्रिंस ने किशोरियों को व्यवसायिक शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस तरह व्यवसायिक प्रशिक्षण लेकर किशोरियां आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं। संस्था सचिव ममता सोनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर संस्था के सहयोगी रामप्रकाश, सामंती लक्ष्मी, अर्चना देवी, गायत्री, अर्चना पटेल, ललिता देवी आदि मौजूद रहे।

# मन की बात में मिलती हैं राष्ट्रहित में कार्य करने की नई ऊर्जा व प्रेरणा : रामकेश निषाद

- पर्यावरण संरक्षण व राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने का संवाद हैं मन की बात
- समाज के प्रेरणादायी प्रयासों को नई पहचान देता हैं मन की बात



**बाँदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 135 वें संस्करण को जिले के प्रत्येक बूथ में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं व जनप्रतिनिधियों द्वारा सुना गया ' जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अपने इंदिरानगर स्थित आवास पर कार्यकताओं के साथ मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना जिसमें मोदी जी विचारों से प्रेरणा मिली कि मन की बात समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जन जागरण और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का प्रेरक मंच हैं जिसमें राष्ट्रहित में कार्य करने की नई ऊर्जा व प्रेरणा मिलती हैं ' मोदी जी ने मैच द रेन अभियान के माध्यम से जल संचयन को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया ' सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरहंड स्थित अपने आवास पर मन की बात सुनते हुए मोदी जी के विचारों से प्रेरणा ली कि शास्तार्थ केवल अपनी बात रखने का माध्यम नहीं हैं वल्कि वाद - संवाद और मंथन की एक प्रक्रिया हैं ' आज समुद्र से लेकर आकाश तक हमारा भारत अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है ' उन्होंने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री के आत्मीय संवाद का का ऐसा सशक्त माध्यम बन चुका है जो समाज के प्रेरणादायी प्रयासों को नई पहचान देता है ' जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने शहर के बंगालीपुरा स्थित बूथ संख्या 30 में मन की बात सुनी जिसमें मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती शक्ति , स्वादेशी रक्षा एवं विमानन क्षेत्र की उपलब्धियों, योग की वैश्विक प्रतिष्ठा, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान परम्परा तथा वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में जन भागीदारी के महत्त्व को रेखांकित किया हैं ' मन की बात प्रधानमंत्री के आत्मीय संवाद का ऐसा सशक्त माध्यम बन चुका हैं जो नागरिक को राष्ट्रहित में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित करता हैं ' इस अवसर पर सभी बूथों में आयोजित बूथ समिति की बैठक में संगठन की मजबूती, डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने और उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाने पर चर्चा की गई साथ ही डा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया।

## मोहर्रम के 12वें दिन इमाम हुसैन व कर्बला मे शहीदों के याद में मनाया गया तीजा



**बबेरू/बाँदा ।** बबेरू कस्बे के अलग अलग इमामबाड़ा मे रविवार को मोहर्रम की 12 वें दिन इमाम हुसैन व कर्बला मे 71सभी शहीदों की याद मे मे तीजा मनाया गया, तीजा के समय घरों मे नज्र दिलाई गई इमामबाड़ा मे मजलिसे बरपा हुई, जिसमे मोहर्रम मे जो ढाल सवारी थी उनके हर एक पार्ट को खोलकर इमामबाड़ा मे रखा गया. वही सभी के समक्ष्य फातिया पढ़ी गई, उसके बाद जो आलाव का गढ्ढा था उसमे सिक्के रखकर गढ्ढा को मिट्टी से पूरा गया, जो अगले वर्ष मोहर्रम की नवमी को खोदा जायेगा, वही यही प्रक्रिया कस्बे के बड़ा इमामबाड़ा, गाँधी नगर, अतर्रा रोड शिवाजी चौराहा, रोडबेज बस स्टेशन के पास इमामबाड़ा व कमासिन रोड इमामबाड़ा मे तीजा मनाया गया।

# तिंदवारी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, 80 मरीजों को मिला लाभ



**तिंदवारी /बांदा।** कस्बा तिंदवारी स्थित ब्लॉक सभागार में रविवार को वेदांता मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बांदा की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बांदा से आए चिकित्सक डॉ. पंकज सिंह एवं डॉ. देव प्रकाश सिंह ने लगभग 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया।

शिविर में विभिन्न बीमारियों से संबंधित मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह भी दी गई। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर का लाभ लेने के लिए क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।

# दुर्घटना मे वरिष्ठ पत्रकार की मृत्यु हो जाने पर ग्रापए ने शोक सभा कर दिया श्रद्धांजलि



**बबेरू /बाँदा ।** बबेरू कस्बे के औगासी रोड मे गुरुवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल गुप्ता की मौके पर मौत हो गयी, जिसको लेकर आज ग्रामीण पत्रकार ऐशोसिएशन के प्रांतिय कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह कछवाह और पूर्व तहसील अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल की अध्यक्षता मे शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर प्रकृति से प्रार्थना की और अभी तक सम्बंधित वाहन और चालक की गिफ्तारी न होने से प्रशासन की लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए रोष व्यक्त किया वही शासन से मृतक पत्रकार के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं पांच पुत्रो मे किसी एक पुत्र को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी देने की पुरजोर मांग रखी गयी, जिसको लेकर सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपा जायेगा, इस मौके पर जन उद्योग व्यपार मण्डल अध्यक्ष के के महंत, पत्रकार कमलेश चौरसिया, नत्थू प्रसाद पटेल, संदीप प्रजापति, अजय कुमार श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, राजेश साहू, शशि कुमार गुप्ता, शुभम बाजपेई,पीतांबर सहित बड़ी संख्या मे पत्रकार मौजूद रहे।

# बांग्लादेश ने चीन को दिया तीस्ता प्रोजेक्ट, चिकन नेक पर बड़ा खतरा!

**चीन**

**भारत** के लिए यह एक तरह के खतरे की भी दस्तक हो सकती है। क्योंकि जो ख्वाब बांग्लादेश में मौजूदा सरकार से पहले जो सरकार थी उसने देखा था। यानी कि भारत के चिकन नेक को डिस्टर्ब करने का जो सपना मोहम्मद यूनुस ने देखा था। भारत के नॉर्थ ईस्टर्न स्टेट को लेकर जो एक भड़काऊ ख्याल मोहम्मद यूनुस ने चीन को भेजा था। उसको ऐसा लगता है कि तारीख रहमान आगे बढ़ाना चाहते हैं। दरअसल चीन के दौरे पर पहुंचे बांग्लादेश के पीएम तारीख रहमान ने तीस्ता प्रोजेक्ट को लेकर जो समझौता किया है उसने खतरे की घंटी बजा दी है। बता दें कि जो रिपोर्ट सामने आ रहे हैं और जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक बांग्लादेश और चीन ने तीस्ता नदी में मैनेजमेंट के सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त कर दी है। यानी कि बांग्लादेश और चीन मिलकर तीस्ता प्रोजेक्ट पर काम करते हुए दिखाई देंगे उसके मैनेजमेंट में। बांग्लादेश और चीन जो है वह



तीस्ता और दूसरी नदियों के मैनेजमेंट सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। सरकारी न्यूज एजेंसी जो बांग्लादेश की है बांग्लादेश सबाद संस्था बीएसएस उसकी रिपोर्ट कहती है कि यह समझौता तब हुआ जब चीन के जल संसाधन मंत्री ली गोइंग ने बीजिंग में बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान से मुलाकात की। इस साल पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेशी यात्रा के लिए मलेशिया को चुनने वाले रहमान 22 जून को कोलालमपुर से चीन के डालियान शहर पहुंचे जहां उन्होंने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उसके बाद वह डलियान से हाई स्पीड ट्रेन से बीजिंग पहुंचे और जानकारी यह है कि उनकी कई अहम मुलाकातें होनी है और इन सबके बीच तीस्ता को लेकर जो जानकारी सामने आई वह काफी चिंताजनक है।

क्योंकि रिपोर्ट में कहा गया है कि ली के साथ बैठक में रहमान ने बाढ़ के जोखिम को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने, जल संसाधनों के उचित मैनेजमेंट को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बांग्लादेश में चल रहे नदी खुदाई कार्यक्रम पर जोर दिया। इसी सिलसिले में उन्होंने बांग्लादेश के जल संसाधन मैनेजमेंट को बेहतर बनाने के लिए चीन का सहयोग मांगा। रिपोर्ट के मुताबिक रहमान ने तीस्ता मैनेजमेंट प्रोजेक्ट में चीन से तकनीकी सहायता भी मांगी है। इसमें कहा गया है जो जवाब में कि चीनी मंत्री ने जल संसाधन मैनेजमेंट में बांग्लादेश सरकार की पहलों में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। 2005 में ढाका और बीजिंग के बीच जो एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।

# IRGC ने होर्मुज जलडमरूमध्य में कार्गो जहाज को उड़ाया; कई जहाज फँसे

**ईरान**

**हॉर्मूस** में ईरान ने कार्गो शिप पर अटैक किया है। तय किए गए रूट से ना जाने पर हमले का दावा किया गया है। बताया गया कि वार्निंग के बावजूद भी जो रूट तय था उस पर ना जाने के चलते यह अटैक किया गया। हमले के बाद जहाजों की निकासी योजना पर रोक लगा दी गई है। ईरान की तरफ से यह दलील दी गई कि उसी रूट पर जाने का पालन ना करना इस अटैक के पीछे का कारण है। जहां एक तरफ पीस डील पर दोनों देशों के बीच में बातचीत आगे बढ़ रही है। ऐसे में यह तनाव इस डील पर सीधा असर डालेगा। ईरान के ड्रोन हमले के बाद हॉर्मूस में यूएन ने रेस्क्यू रोक दिया है। 11,000 नाविकों की जान को खतरा है। फारस की खाड़ी में अब कई जहाज फंसे हुए हैं। यह बड़ी खबर क्योंकि इस पीस डील के चलते हॉर्नस को पूरी तरह से खोल दिया गया था। ऐसे में उस रूट पर कई जो जहाज है उनके आने और जाने का सिलसिला जारी था। अब ऐसे में क्योंकि निकासी मार्ग जो है उसे बैन कर दिया गया। एक बार फिर से उसे जैम कर दिया गया। तो जो जहाज जहां था वह वहीं रुक गया। अब ऐसे में 1100 नाविकों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। कई जहाज हैं जो फंसे हुए हैं सिर्फ इस एक कदम से।

इसीलिए यह जो पूरी सिचुएशन है यह पैनिकिक हो चुकी है और यह इस डील पर असर डालने के लिए कई संकेत मिल चुके हैं। हॉर्मोस में तनाव के बीच कच्चे तेल में के दामों में भी जो है वो हमने देखा कि कैसे उतार-चढ़ाव आया है। लेकिन ब्रेड क्रूड की कीमत में करीब 4% तक उछाल



आया। हमले के बाद वैश्विक तेल बाजार में चिंता बढ़ी है। इसके अलावा ब्रड क्रूट पहुंचा है 74.89 प्रति बैरल के करीब। हॉर्मूस में जहाज पर हमले से सप्लाई पर असर की आशंका जो है वो बढ़ गई है। हॉर्मूस में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में जो बदलाव हुआ है वह जानिए। अमेरिका और ईरान के बीच टकराव का अखाड़ा बन चुके हॉर्मोस में एक बार फिर से हड़कंप मच गया। ईरान ने सिंगापुर के झंडे वाले एक मालवाहक जहाज पर ड्रोन अटैक कर दिया। ईरान ने कहा कि उसकी अनुमति के बिना अगर कोई जहाज इस इलाके से गुजरेगा तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वो नहीं लेगा। ईरान के हमले के बाद एक बार फिर से बारूदी संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। दुनिया के सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण समुद्री लाइफ लाइन हॉर्मोस स्ट्रेट एक बार फिर से भीषण जंग और बारूदी धमाकों के मुहाने पर आ खड़ा हो गया है।

फारस की खाड़ी और अमान की खाड़ी को जोड़ने वाला हॉर्मोस भीषण बारूदी गंध से भर गया है। जब लग रहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच सब ठीक हो चुका है और हॉर्मूस की लहरों से जंग का शोर उठना बंद हो जाएगा कि तभी अचानक से कुछ ऐसा हुआ जिसने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया। दुनिया के इस सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग से सिंगापुर के झंडे वाला एक मालवाहक जहाज शांतिपूर्ण गुजर रहा था कि तभी अचानक से आसमान को चीरता हुआ ईरानी ड्रोन ठीक उसी जगह पर आकर टकराया जहां से जहाज का कैप्टन और चालक दल पूरे शिप को नियंत्रित करते हैं। यह हमला ओमान के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा क्षेत्र के बेहद करीब और तट से मात्र 14 कि.मी. की दूरी पर अंजाम दिया गया। यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इस बात की पुष्टि की है कि जहाज के दाहिने हिस्से पर एक अज्ञात और बेहद खतरनाक ड्रोन ने हिट किया। यह धमाका इतना जबरदस्त था कि जहाज का ब्रिज यानी कंट्रोल रूम बुरी तरह से तबाह हो गया।

# इस्लामाबाद नहीं बनने देंगे...यूरोपीय देश का मुस्लिमों पर होश उड़ाने वाला ऐलान, पहली बार भारत हैरान!



**यूरोप**

**यूरोप** के एक देश ने मुस्लिमों पर ऐसा ऐलान किया है जिसने भारत समेत पूरी दुनिया को चौका दिया है। इस यूरोपीय देश ने ऐलान किया है कि वह जल्द ही नमाज के लिए दी जाने वाली अजान को बैन करने जा रहा है। आपको बता दें कि दिन में पांच बार लाउडस्पीकर से अजान दी जाती है। जिससे इस देश के लोगों को अब परेशानी हो रही है। यूरोप का यह ताकतवर देश जल्द ही सड़क पर पढ़ी जाने वाली नमाज पर भी बैन लगाने जा रहा है। जिस यूरोपीय देश की हम बात कर रहे हैं, वह डेनमार्क है। डेनमार्क के इमीग्रेशन मंत्री मॉर्टेन बुडस्कोव ने चेतावनी दी है कि अगर आजान और सड़कों पर हो रही नमाज को रोका नहीं गया तो हमारे देश के कुछ हिस्से इस्लामाबाद जैसे दिखने लगेंगे। यानी अब डेनमार्क के नेताओं को यह लगता है कि आज की आवाज और सड़कों पर जिस तरह से नमाज पढ़ी जाती है, उसके चलते डेनमार्क के शहर अब इस्लामाबाद जैसे दिखने लगे हैं।

इस घोषणा के साथ ही इमीग्रेशन मंत्री मोटेन बुस्कोव ने यह भी घोषणा कर दी कि सोशल डेमोक्रेटिक सरकार पूरे देश में नमाज पर रोक लगाने के मामले पर भी फिर से जांच शुरू करेगी। यानी पहले सड़कों पर नमाज बैन होगी। उसके बाद नमाज से पहले दिन में पांच बार लाउडस्पीकर से दी जाने वाली अजान को बैन किया जाएगा और बाद में जरूरत पड़ी तो पूरे डेनमार्क में नमाज को ही बैन कर दिया जाएगा। मंत्री मोटेन बोट्सको ने यह बात डेनमार्क की न्यूज एजेंसी रिडजाऊ से कही है।

# वेनेजुएला त्रासदी के एक दिन बाद फिलीपींस में 6.7 तीव्रता का भूकंप

**वेनेजुएला**

**यूनाइटेड** स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, वेनेजुएला में आए जबरदस्त भूकंप में सैकड़ों लोगों की मौत के ठीक एक दिन बाद, शुक्रवार को दक्षिणी फिलीपींस के पास 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि भूकंप फिलीपींस के दक्षिणी द्वीप मिंडानाओ में 29 किलोमीटर (18.02 मील) की गहराई पर आया। तेज झटकों के अलावा, पूरे क्षेत्र में भूस्खलन और मिट्टी धंसने जैसी घटनाओं की भी आशंका है। ये भूकंप एक पर्वतीय क्षेत्र में आए, जहां पहाड़ी ढलानों से अक्सर मिट्टी या चट्टानें खिसकती रहती हैं। वहीं, कराकास के नीचे मौजूद तलछट की प्रकृति भूकंपीय तरंगों को और अधिक तीव्र कर देती है, जिससे भूकंप से होने वाला नुकसान बढ़ जाता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, वेनेजुएला में एक के बाद एक भूकंप आए थे। पहला झटका 7.2 तीव्रता का था जबकि 39 सेकंड बाद आये दूसरे भूकंप की तीव्रता 7.5 रही। क्या होता है भूकंप डबलेट?

डबलेट भूकंप का एक ऐसा प्रकार है, जब कम समय के अंतराल पर भूकंप की अलग-अलग तीव्रता वाले झटके महसूस किये जाते हैं और पहले प्रभावित स्थान के निकट दूरी पर दूसरा भूकंप ?आता है। सामान्य भूकंप में एक बड़े भूकंप के बाद हल्के-हल्के झटके महसूस किये जाते हैं।

# कतर तो बड़ा खिलाड़ी निकला, अमेरिका को धोखा देकर कैसे की ईरान की मदद?

**अमेरिका**

**अमेरिका** का करीबी सहयोगी कतर क्या चुपचाप ईरान की मदद करता रहा? एक विदेशी खुफिया रिपोर्ट ने ऐसे दावे किए हैं जिन्होंने मध्यपूर्व की राजनीति में नई बहस छीड़ दी है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कतर ने वर्षों तक ईरान को आर्थिक और सैन्य सहायता उपलब्ध कराई। अगर यह आरोप सही साबित होते हैं तो अमेरिका के लिए बहुत बड़ा कूटनीतिक झटका माना जाएगा क्योंकि कतर लंबे समय से उसका प्रमुख रणनीतिक साझेदार रहा है। इजराइली मीडिया आउटलेट कान न्यूज के मुताबिक यह दावा एक विदेशी खुफिया रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉन्ड ट्रंप द्वारा ईरान



परमाणु समझौते यानी जेसीपीओए से अमेरिका के बाहर निकलने और ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने के बाद कतर और ईरान के बीच सहयोग और ज्यादा बढ़ गया। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान को जिन आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा उसी दौरान दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध तेज होने का दावा किया गया है। सबसे गंभीरता दावा यह किया गया है कि कतर ने ईरान को ऐसी ड्यूल यूज यानी कि नागरिक और सैन्य दोनों उद्देश्यों में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियां उपलब्ध करवाई जिनका उपयोग रॉकेट ईंधन और ड्रोन निर्माण में किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार हाइड्रोजन, एलुमिनियम और इंजन के पुरजे जैसी सामग्री ईरान तक पहुंचाई गई। आरोप है कि इन संसाधनों ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने में भूमिका निभाई। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले के बाद भी यह सहयोग जारी रहा। इसके बाद ईरान समर्थित समूहों और स्वयं ईरान की ओर से इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोन हमलों की घटनाएं भी सामने आई। इसी आधार पर रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि कतर से कथित तौर पर मिली सामग्रियां ईरान के रक्षा कार्यक्रम के लिए उपयोगी साबित हो सकती थी। अगर इन आरोपों की पुष्टि होती है तो यह अमेरिका और कतर के रिश्तों पर गंभीर सवाल खड़े कर सकती है।

कतर को अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सहयोगी माना जाता है। मध्यपूर्व में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा अल उदैद एयरबेस कतर में ही स्थित है और दोनों देशों के बीच रक्षा सुरक्षा और खुफि या सहयोग लंबे समय से चला आ रहा है। ऐसे में अगर एक करीबी सहयोगी पर अमेरिकी प्रतिबंधों को कमजोर करने और ईरान की कथित मदद करने के आरोप सही साबित होते हैं तो इसे अमेरिका के लिए बड़े रणनीतिक झटके के रूप में देखा जाएगा।

# बैठक में परमाणु कार्यक्रम पर चेतावनी

**अमेरिका**

**बहरीन** के मनामा में हुई एक मंत्री-स्तरीय बैठक में अमेरिका और गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को फिर से मजबूत किया। इस बैठक में उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा, ईरान के साथ कूटनीति, सीरिया और लेबनान में स्थिरता और गाजा में पुनर्निर्माण के प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुललतीफ बिन राशिद अल जयानी ने की। बैठक में ऋछ्उ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों और ऋछ्उ के महासचिव जासेम अल-बुदैवी ने भी हिस्सा लिया। संयुक्त बयान के अनुसार, सेक्रेटरी रुबियो ने ऋछ्उ की सुरक्षा के लिए अमेरिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराया," जबकि मंत्रियों ने "अमेरिका-ऋछ्उ रणनीतिक साझेदारी के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता" को फिर से जाहिर किया। मंत्रियों ने अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौता ज्ञापन का स्वागत किया और पाकिस्तान तथा कतर की मध्यस्थता की कोशिशों को सराहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे बातचीत दुश्मनी को स्थायी रूप से खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, गति और एकता बनाए रखना जरूरी है" और उन्होंने ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने या हासिल करने से रोकने के अपने साझा लक्ष्य को दोहराया। बयान में कहा गया है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए ईरान से जुड़े सभी तरह के खतरों जिनमें बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन और क्षेत्र में प्रॉक्सी समूहों को उसका समर्थन शामिल है - से निपटना जरूरी है। मंत्रियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि "क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए आजाद, बिना शर्त और बिना रोक-टोक आवाजाही - जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत गारंटीकृत पारगमन का अधिकार भी शामिल है - बहुत जरूरी है।

# फिंलीपींस में 6.7 तीव्रता का भूकंप आया, पूरे देश में झटके महसूस किए गए

**जर्मन**

**जर्मन** रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि शुक्रवार को फिलीपींस के दक्षिणी द्वीप मिंडानाओ में 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। ऋेंद्ग के अनुसार, भूकंप 29 किलोमीटर (18.02 मील) की गहराई पर आया था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप शाम 7:42 बजे (1142 ऋटळ) मिंडानाओ द्वीप के सरंगानी शहर से लगभग 21 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 65.7 किलोमीटर (41 मील) की गहराई पर आया।

यह घटना उसी इलाके में आए एक जबरदस्त भूकंप के तीन हफ़्ते से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। सुनामी की कोई तत्काल चेतावनी जारी नहीं की गई। देश में यह ताजा भूकंप दक्षिणी फि लीपींस में आए एक शक्तिशाली भूकंप के कुछ हफ़्ते बाद आया है, जिसमें 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और मिंडानाओ के कई हिस्सों में भारी नुकसान हुआ था।

वेनेजुएला में भूकंपः मरने वालों की संख्या बढ़कर 589 हुई

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार सुबह बताया कि वेनेजुएला में आए दो जबरदस्त भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 589 हो गई है और 2,980 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने सरकारी और सैन्य अधिकारियों की



मौजूदगी में यह घोषणा की और दुनिया भर से आए बचाव दलों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम फंसे हुए लोगों को बचाने जा रहे हैं।" "हम इस काम में दिन-रात जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम आए 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले भूकंपों से ला गुएरा राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है; वहां सेना तैनात कर दी गई है और बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश करने के साथ-साथ भोजन और पानी भी बांट रहे हैं। बुधवार शाम आए 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले भूकंपों के बाद मरने वालों और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि हजारों लोग लापता बताए जा रहे हैं। ये भूकंप एक सदी से भी ज्यादा समय में वेनेजुएला में आए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक थे और इनका असर पूरे इलाके में महसूस किया गया।

वेनेजुएला में भूकंपः हजारों लोगों के लापता होने की खबर

हजारों लोगों के लापता होने की खबर है और ब्राजील के अमेजन तक की इमारतों को खाली कराया गया। इस तबाही के जवाब में, अमेरिकी ट्रेजरी ने गुरुवार को 23 अक्टूबर तक कुछ प्रतिबंधों में ढील देने का फैसला किया।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# शी जिनपिंग का 'विदेशी दखल' वाला दांव, बांग्लादेश से 13 डील

**बीजिंग**

**बीजिंग** में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के साथ बातचीत के दौरान, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बांग्लादेश की संप्रभुता की रक्षा करने और "विदेशी दखल को खारिज करने" के मामले में बीजिंग के समर्थन की बात कही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शी ने यह भी कहा कि चीन रहमान की सरकार का समर्थन करता है (जिन्होंने फरवरी में पद संभाला था) और वह ढाका के साथ मिलकर उच्च-गुणवत्ता वाले 'बेल्ट एंड रोड' सहयोग और विकास रणनीतियों के बीच बेहतर तालमेल पर काम करने के लिए तैयार है। यह बैठक रहमान की पांच दिवसीय चीन यात्रा का समापन थी, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, शिक्षा, नदी प्रबंधन और व्यापक क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की। शी जिनपिंग ने बांग्लादेश, म्यांमार और चीन को जोड़ने वाले एक आर्थिक गलियारे का प्रस्ताव भी रखा, जबकि चीनी अधिकारियों ने तीस्ता नदी परियोजना में बीजिंग की भूमिका को लेकर जताई जा रही चिंताओं को कम करने का प्रयास किया।

शी जिनपिंग ने शुक्रवार को अपनी यात्रा समाप्त करने वाले रहमान से कहा कि चीन बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने और विदेशी हस्तक्षेप को अस्वीकार करने में उसका समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चाहे जो भी बदलाव आएं, चीन-



बांग्लादेश के मैत्रीपूर्ण संबंधों की समग्र दिशा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आने देगा। शी जिनपिंग ने कहा कि चीन क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए चीन-म्यांमार-बांग्लादेश आर्थिक गलियारे का समर्थन करता है। प्रस्तावित गलियारा बांग्लादेश-चीन-भारत-म्यांमार आर्थिक गलियारे का एक छोटा संस्करण है, जिसे बीजिंग ने 2013 में प्रस्तावित किया था, लेकिन वह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। पद संभालने के बाद रहमान ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए मलेशिया को चुना। कुआलालंपुर से, वह 22 जून को चीन के शहर डालियान गए, जहाँ उन्होंने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और चीनी निवेश के लिए बात रखी। वह बुधवार को अपनी यात्रा के आखिरी पड़ाव के तौर पर बीजिंग पहुँचे और दो दिनों तक चीन के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें प्रीमियर ली कियांग भी शामिल थे, के साथ बैठकें कीं। गुरुवार को, 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में प्रीमियर ली ने रहमान का औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत हुई और व्यापार, निवेश और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 13 समझौतों (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए गए। रहमान ने गुरुवार को चीन के जल संसाधन मंत्री ली गुओयिंग से भी मुलाकात की और दोनों देश तीस्ता नदी के मैनेजमेंट और दूसरी नदी परियोजनाओं पर सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है, जहाँ यह सिंचाई और आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है। इस नदी का बेसिन भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास स्थित है, जो मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाला एक संकरा रास्ता है।

# दुर्गम और सुलभ क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटते मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू

**हिमाचल /अखंड भारत संदेश**

**हिमाचल** प्रदेश का नक्शा देखने पर यह राज्य जितना सुंदर दिखाई देता है, जमीनी हकीकत उतनी ही चुनौतीपूर्ण है। ऊँचे-ऊँचे पर्वत, गहरी घाटियाँ, बर्फ से ढके दर्रे और महीनों तक बंद रहने वाले रास्ते यहाँ के जीवन का हिस्सा हैं। यहाँ कई गाँव ऐसे हैं, जहाँ दूरी किलोमीटरों से नहीं, पहाड़ों, मौसम और समय से तय होती है। इन्हीं में से एक है बड़ा भंगाल। कांगड़ा जिला की बैजनाथ विधानसभा का यह गाँव धौलाधार और पीर पंजाल पर्वतमालाओं के बीच बसा है। रावी नदी का उद्गम भी यहीं से माना जाता है। सर्दियों में बर्फबारी के बाद लगभग छह महीने तक इस क्षेत्र का स्थलीय संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। उन महीनों में बड़ा भंगाल अपने लोगों के भरोसे जीता है। यही इसकी नियति भी है और यही उसकी पहचान भी।

ऐसे इलाकों में विकास का अर्थ मैदानी शहरों से अलग होता है। सड़क, बिजली, शिक्षा




और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएँ यहाँ आज भी चुनौती बनी हुई हैं। एक प्राथमिक विद्यालय था, जो आपदा में बह गया। अब बच्चों की पढ़ाई के लिए परिवारों को उन्हें बीड़ भेजना पड़ता है। यहाँ सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी योजनाएँ बनाने के साथ-साथ लोगों का भरोसा बनाए रखना भी है कि राज्य अपने सबसे दूर बसे व्यक्ति के साथ उतनी ही गंभीरता से खड़ा है, जितना अपने सुलभ क्षेत्रों के लोगों के साथ।

यही कारण है कि जब कोई मुख्यमंत्री बड़े भंगाल जैसे दुर्गम क्षेत्र तक पहुँचता है, तो वह यात्रा सामान्य सरकारी कार्यक्रम नहीं रह जाती। वह प्रशासन की पहुँच, राजनीतिक इच्छाशक्ति और लोकतांत्रिक जवाबदेही का संकेत बन जाती है। सुखविंदर सिंह सुक्खू का राजनीतिक जीवन भी जमीनी संघर्ष से होकर गुजरा है। उनके दौरों में डोडरा-क्वार, पांगी, बड़ा भंगाल और ऐसे अनेक दूरस्थ क्षेत्र लगातार शामिल रहे हैं। यह दृष्टिकोण बताता है कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता केवल सचिवालय की बैठकों से नहीं, उन गाँवों तक पहुँचने से तय होती है, जहाँ लोगों की सबसे बड़ी अपेक्षा यही होती है कि सरकार उन्हें भूली नहीं है। बड़ा भंगाल के लिए घोषित फैसले इसी सोच की निरंतरता हैं। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता सीमित आय वाले परिवारों के लिए सहारा बनेगी। चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए जनरेटर की व्यवस्था उस आवश्यकता को पूरा करने का प्रयास है, जो पहाड़ों में जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का निर्णय अवसरों की असमानता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# भदोही में अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज, ईंट-भट्टों और गुमटी पर छापेमारी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिले** में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर रविवार को आबकारी विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर जांच की। आबकारी निरीक्षक रोहित कुमार और अनिल कुमार सूर्यभान ने टीम के साथ कस्तूरीपुर स्थित ईंट-भट्ठों का निरीक्षण किया। इस दौरान संचालकों को अवैध शराब और मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री, भंडारण व परिवहन से दूर रहने की चेतावनी दी गई।

टीम ने नेवादाकला में मन्ना पासी की गुमटी पर अवैध शराब बिक्री की शिकायत की भी जांच की। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को



दोबारा ऐसी गतिविधि में शामिल न होने की हिदायत दी गई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। किसी भी तरह की अवैध गतिविधि मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से भी ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

# खेत बचाओ अभियान-2026 के अंतर्गत किसानों को किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर** ।योजनाओं एवं वित्तीय सुविधाओं के जनपद में किसानों को कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं, वित्तीय सुविधाओं एवं आधुनिक कृषि गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से खेत बचाओ अभियान-2026 के अंतर्गत विकासखंड सदर की ग्राम पंचायत अंधऊ में केसीसी जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजदेव कुमार, उप कृषि निदेशक विजय कुमार, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी ए.के. शाही सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों एवं महिलाओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (ज्ञब्ब), कृषि ऋण सुविधा तथा कृषि एवं उससे जुड़े अन्य क्षेत्रों में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि कृषि क्षेत्र के विकास, किसानों की आय में वृद्धि एवं खेती को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों से अपील की गई कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर अपनी



कृषि गतिविधियों को और बेहतर बनाएं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि वित्त पोषण एवं कृषि से संबंधित कार्यों के लिए समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। बैंक प्रतिनिधियों ने बताया कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए बैंक निरंतर कार्य कर रहा है।

उन्होने किसान भाई को चौपाल के माध्यम से बताया कि अपने नजदीकी किसी भी बैंक शाखा से संपर्क करके केसीसी बनवा सकते हैं। कोई असुविधा होने पर कृषि विभाग या नजदीकी बैंक शाखा पर संपर्क करके समाधान प्राप्त कर सकते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रमुख लाभ निम्नलिखित है। कम ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा, समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज में छूट का लाभ, आवश्यकता अनुसार बार-बार ऋण प्राप्त करने की सुविधा, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों हेतु वित्तीय सहायता, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में नियमानुसार राहत एवं पुनर्गठन का लाभ। जनपद के ऐसे किसान जिनके पास अभी तक किसान क्रेडिट कार्ड नहीं है, वे अपने निकटतम बैंक शाखा, कृषि विभाग अथवा संबंधित विकास खंड के कृषि अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक अभिलेखों के साथ शीघ्र आवेदन करें। अग्रणी जिला प्रबंधक ने सभी कृषकों से अपील है कि वे किसान क्रेडिट कार्ड योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी कृषि गतिविधियों को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाएं।

इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (च्डैठल), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (च्डश्रश्रठल) एवं अटल पेंशन योजना ( ।च्ल) के बारे में भी जागरूक किया गया। किसानों एवं ग्रामीणों को कम लागत में बीमा सुरक्षा एवं पेंशन लाभ प्राप्त कर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। लीड बैंक के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जनपद में कृषि ऋण, वित्तीय समावेशन एवं किसान समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों एवं ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# सुलतानपुर में आधी रात चला पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों और वाहनों की हुई गहन जांच



**सुलतानपुर/अखंड भारत संदेश**

**जिले** में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार देर रात सुलतानपुर पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों के खिलाफ व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में चले इस अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, तिराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाकर आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की गई।अपर पुलिस अधीक्षक वृजनारायण सिंह ने विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर रात्रि चेकिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी करते रहे। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान का सत्यापन किया गया तथा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर दें। पुलिस का कहना है कि जनसुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# भदोही में पल्स पोलियो अभियान शुरू, 2.82 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। राष्ट्रीय** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को महाराजा चेतसिंह चिकित्सालय, ज्ञानपुर में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि जन्म से पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में करीब 2.82 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन 618




पोलियो बूथों पर 1.50 लाख से अधिक बच्चों को खुराक पिलाई गई। अभियान के संचालन के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के साथ 450 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि 29 जून से 3 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, जो बूथों तक नहीं पहुंच सके।

# लालानगर टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग, यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिले** में सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने रविवार को लालानगर टोल प्लाजा पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। साथ ही मानक के विपरीत नंबर प्लेट, संशोधित साइलेंसर और प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों के खिलाफ



भी कार्रवाई की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और ध्वनि प्रदूषण को रोकना है।

यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# क्रिकेट टूनार्मेंट का रोमांचक फाइनल, पीसीसी पकड़ीतर ने 23 रन से दर्ज की शानदार जीत

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनपद के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र के पाण्डेय टोला स्थित खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बड़े उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। टूनार्मेंट के फाइनल में एसीसी सलेमपुर और पीसीसी पकड़ीतर की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें पीसीसी पकड़ीतर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेविका मीरा राय रहीं।



उन्होंने फीता काटकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे मुकाबले की आकर्षक और रोचक कमेंट्री सुधांशु पाण्डेय ने की, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

मैच समाप्त होने के बाद मुख्य अतिथि मीरा राय ने विजेता टीम पीसीसी पकड़ीतर को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। फाइनल मुकाबले के सफल आयोजन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल रहा तथा आयोजन समिति की भी लोगों ने सराहना की।

# रोबोट ऑपरेशन से भविष्य में चिकित्सकों की कमी से मिलेगी निजात : पद्मश्री/पीजीआई निदेशक डॉ आरके धीमान



**सुल्तानपुर /अखंड भारत संदेश : पद्मश्री** एवं पीजीआई निदेशक लखनऊ डॉ आरके धीमान ने कहा कि रोबोट ऑपरेशन अब प्रदेश में शुरू हो रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में चिकित्सकों की कमी की समस्या से प्रदेशवासियों को निजात मिल जाएगी। सुल्तानपुर स्ववित्तपोषी चिकित्सा महाविद्यालय में हाइपरटेंशन रोग के चिकित्सा, निदान एवं गंभीरता को लेकर विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ प्रियंक वर्मा ने आए अतिथियों का आभार प्रकटकिया।सीएमओ डॉ भारत भूषण ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि दो पद्मश्री चिकित्सकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। पद्मश्री/एसजीपीजीआई निदेशक डॉ आरके धीमान ने कहा कि रोबोट चिकित्सा आने वाली शल्य चिकित्सा की आधुनिक विधि है। पीजीआई में यह चल रहा है और धीरे-धीरे अन्य जनपदों में विस्तार ले रहा है।

सीएमएस डॉ अविनाश गुप्ता , डॉ एके सिंह, बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रवि त्रिपाठी, डॉ डीएस मिश्रा, डॉ राजेंद्र कपूर, डॉ आशीष, डॉ जेपी सिंह, डॉ अंकुर सेठ, डॉ पवन सिंह की उपस्थिति में हाइपरटेंशन की गंभीरता और समय के साथ निदान के विषय में विचार विमर्श किया गया !!

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ: सीडीओ विनय सिंह ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**सुलतानपुर /अखंड भारत संदेश**

**0 से** 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला महिला चिकित्सालय स्थित पल्स पोलियो बूथ पर *मुख्य विकास अधिकारी विनय सिंह ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, आरएफपीटीसी अयोध्या के प्राचार्य डॉ. रामकिशोर, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा, महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. आर.के. यादव, पुरुष चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. सी.एल. रस्तोगी, समाजसेवी एवं शिक्षिका अनुपम शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इससे




पूर्व शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी विनय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पल्स पोलियो जागरूकता रैली को रवाना किया था। यह रैली कलेक्ट्रेट गेट से तिकोनिया पार्क तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य आमजन को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करना था। रैली में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, एनएचएम तथा विभिन्न संस्थानों के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष तक के 3,56,642 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस जानलेवा बीमारी से असुरक्षित न रह जाए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि छह दिवसीय अभियान के अंतर्गत जनपद में 1,116 पल्स पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा 758 घर-घर भ्रमण टीमें, 35 ट्रांजिट टीमें तथा 28 मोबाइल टीमें भी गठित की गई हैं। जो बच्चे रविवार को बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 जून से घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद भी यदि कोई बच्चा छूट जाता है तो 6 जुलाई को विशेष अभियान चलाकर उसे दवा पिलाई जाएगी उन्होंने बताया कि जनपद सुलतानपुर में पोलियो का अंतिम मामला वर्ष 2008 में अखण्डनगर क्षेत्र में पाया गया था, जबकि उत्तर प्रदेश में अंतिम पोलियो केस 2010 में फिरोजाबाद में दर्ज हुआ था। इसी उपलब्धि को कायम रखने और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा सर्विलांस टीमों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के समन्वय से अभियान का व्यापक संचालन किया जा रहा है।